
नगर संस्करण

# गुड इवनिंग

सांध्य दैनिक

इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

पेज-6 जून में शुरू होगा नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा



अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, सोमवार, 17 मार्च 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 08 ■ अंक : 351

www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

### बिहार के फसियाबाद गांव का मामला, जवान का सिर फटा

# विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम पर गांव वालों ने किया पथराव, कई घायल

पटना, एजेंसी





मुंगेर जिले में एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि रविवार देर रात फिर से डायल 112 पुलिस कर्मियों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया।

इस घटना में एक सिपाही बबलू रजक के सिर पर ईंट से हमला किया गया, जिससे उनका सिर फट गया, जबकि अन्य पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं। बताया गया कि हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के फसियाबाद गांव में दो युवक किसी वारदात को अंजाम दे रहे थे। जब ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ा और पंचायत भवन में बंद कर दिया, तो उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और मामले का फैसला वहीं करने की बात करने लगे। इस बीच, पुलिस और ग्रामीणों के बीच तकरार बढ़ गई। अचानक भीड़ से किसी ने पत्थर फेंका, जो सीधे एक पुलिसकर्मी के सिर पर लगा। इसके बाद स्थिति और बिगड़ गई और कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। हवेली खड़गपुर के डीएसपी अनिल कुमार ने सभी थानों को अलर्ट किया और तुरंत फसियाबाद भेजा। पुलिस ने दोनों युवकों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर खड़गपुर थाने ले जाने में सफलता पाई। इधर, इस घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है, और पुलिस घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। स्थानीय प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है।




## Short News


### पीएम नरेंद्र मोदी आज करेंगे रायसीना डायलॉग का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को तीन दिवसीय 'रायसीना डायलॉग' का उद्घाटन करेंगे। यह भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है जिसमें 125 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन, अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड और यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा इस सम्मेलन के 10वें संस्करण में भाग लेने वालों में शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, पहली बार ताइवान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी सहित एक प्रतिनिधिमंडल के इस सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। यह पिछले कुछ वर्षों में दोनों पक्षों के बीच बढ़ते सहयोग को दर्शाता है। सम्मेलन का आयोजन विचारक संस्था ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की ओर से विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में किया जा रहा है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि इस सम्मेलन में लगभग 125 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### शेयर बाजार में हरियाली

### सेंसेक्स 450 अंक चढ़ा निफ्टी 22550 के करीब



**नई दिल्ली।** चीन की ओर खपत बढ़ाने के लिए नए उपायों की घोषणा के बाद सोमवार को एशियाई बाजारों में सकारात्मक दिखी। मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते बैंकिंग, वित्तीय और ऑटो शेयर बढ़त के साथ कारोबार शुरू हुआ। प्रमुख भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढ़त के साथ खुले। सुबह 9:25 बजे बीएसई सेंसेक्स 374 अंक या 0.51% बढ़कर 74,203 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 119 अंक या 0.53% बढ़कर 22,517 पर कारोबार करता दिखा।

### कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों और आतंकियों में मुठभेड़, एक जवान घायल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में आज सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दो से तीन आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में हैं। सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में 2 से 3 आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका है। मुठभेड़ में पुलिस का एक जवान के घायल हो गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कुपवाड़ा जिले के जचलदारा के क्रुम्भूरा इलाके में एसओजी हंदवाड़ा ने आतंकियों की सूचना पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की और मौके से भाग निकले। एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जचलदारा के क्रुम्हूरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

# सड़क किनारे पार्किंग... रेंगते हुए निकलती हैं गाड़ियां

### इमली बाजार चौराहे से बड़ा गणपति के बीच रोड पर रहता है वाहनों का जमावड़ा

गुड इवनिंग, इंदौर

GE Special

**शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इसका असर दिखता नजर नहीं आ रहा है। इस अभियान के तहत ऐसे मार्गो पर भी कार्रवाई करना चाहिए जहां की सड़क के दोनों और बड़ी संख्या में वाहन खड़े रहते है। इसमें दोपहिया वाहन हो तब तो फिर भी चलता है लेकिन चार पहिया वाहनों के खड़े होने से अन्य वाहन चालकों की दिक्कत बढ़ जाती है।**



कुछ इसी तरह के हाल हैं इमली बाजार चौराहे से बड़ा गणपति तक के मार्ग के। यहां सड़क के दोनों और बड़ी संख्या में चार पहिया वाहन खड़े हुए नजर आते है। यह तो सभी जानते है कि शहर के बाजार में ट्रैफिक की क्या स्थिति है, ऐसे में सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों के लिए अन्य जगह पार्किंग का स्थान बनाना बहुत जरुरी हो जाता है या फिर इन वाहनों को मुख्य मार्ग से हटवाकर अन्य जगह पार्किंग करवाना चाहिए। बताते हैं कि दिन में तो फिर स्थिति सामान्य रहती है लेकिन शाम और रात के समय यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार जाम जैसी स्थिति भी बनती है। कुछ ऐसी ही स्थिति शहर के जेल रोड की भी है, वहां सड़क के दोनों ओर चार पहिया तो नहीं दिखते हैं लेकिन दोपहिया वाहन ही इतने अधिक रहते हैं कि करीब आधी सड़क इन वाहनों के कारण ही ब्लॉक हो जाती है। कई बार तो जेल रोड पर पैदल आने जाने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिला प्रशासन और नगर निगम को ऐसे सभी मार्ग को चिन्हित करके पार्किंग के स्थान बनाने चाहिए ताकि मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी ना हो।

#### ट्रैफिक पुलिस चालान काटने में व्यस्त

एक तरफ शहर का ट्रैफिक दिन प्रतिदिन बिगड़ता हुआ नजर आता है तो दूसरी तरफ पुलिस ट्रैफिक संभालने की बजाय चालान काटने में व्यस्त रहती है। यह अलग बात है कि पुलिस की इस कार्रवाई से अब लोग शराब पीकर वाहन चलाने में डरने लगे हैं। वहीं कार चालक सीट बेल्ट भी लगाने लगे हैं।

# अमेजन-फ्लिपकार्ट के गोदामों में छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

ई-कॉमर्स कंपनियों पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने लखनऊ गुरुग्राम और दिल्ली जैसे शहरों में अभियान चलाते हुए अमेजन फ्लिपकार्ट व बिग बास्केट जैसी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के गोदामों में छापेमारी कर बिना बीआईएस मार्का के उत्पाद जब्त किए हैं। गुरुग्राम में फ्लिपकार्ट के गोदाम पर छापेमारी में बीआईएस ने 534 स्टेनलेस स्टील की बोतलें 134 खिलौने और 41 अप्रमाणित स्पीकर जब्त किए।

इसके साथ ही बीआईएस ने कंपनियों को बगैर गुणवत्ता प्रमाण के उत्पाद बिक्री करने पर नोटिस भी जारी किया है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री व चांदनी चौक से संसद सदस्य प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि विदेशी पूंजी से संचालित ये ई-कॉमर्स कंपनियां बार-बार देश के कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं। उन्होंने क्विक कॉमर्स कंपनियों पर भी नियमों के उल्लंघन और देश के छोटे व्यापारियों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। वह जल्द ही इन गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी से भी मुलाकात कर उनसे ठोस नीतियों और सख्त नियमों को लागू करने की मांग करेंगे।

#### दिल्ली से लखनऊ तक बीआईएस ने जब्त किए कई प्रोडक्ट

अमेजन इंडिया ने बयान जारी कर कहा कि वह अपने ग्राहकों के लिए सुरक्षित चयन बनाए रखने के लिए कार्रवाई कर रहा है, जिसमें गैर-अनुपालन वाले उत्पादों को हटाना भी शामिल है। सुनिश्चित करते हैं कि हमारा चयन उद्योग-स्वीकृत मानकों को पूरा करता हो। असुरक्षित उत्पादों को सूचीबद्ध होने से रोकने के लिए अभिनव उपकरण विकसित कर रहे हैं। गुरुग्राम में फ्लिपकार्ट के गोदाम पर छापेमारी में, बीआईएस ने 534 स्टेनलेस स्टील की बोतलें (वैक्यूम इंसुलेटेड), 134 खिलौने और 41 अप्रमाणित स्पीकर जब्त किए।

### दिल्ली में बनेगा 'ईव टीजिंग स्क्वॉड' संवेदनशील इलाकों में रहेंगे तैनात

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में उत्तर प्रदेश के 'एंटी रोमियो स्क्वाड' की तरह 'ईव टीजिंग स्क्वाड' बनने जा रहा है। जिसका नाम 'शिष्टाचार स्क्वाड' होगा। दिल्ली के हर जिले में दो स्क्वाड बनाए जाएंगे। जिसमें एसीपी, क्राइम अगेंस्ट वूमेन इन स्क्वाड के हेड होंगे।

वहीं ईव टीजिंग स्क्वाड में एक इंस्पेक्टर, एक सब इंस्पेक्टर और आठ कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल होंगे। जिनमें चार महिला पुलिसकर्मी होंगी। वहीं इसके साथ ही स्पेशल यूनिट से एक पुलिसकर्मी तकनीकी सहायता के लिए साथ रहेगा। इसके अलावा स्क्वाड के पास कार और दोपहिया वाहन भी रहेंगे। स्क्वाड की तैनाती दिल्ली के संवेदनशील इलाकों में होगी।


### जापान के वैज्ञानिकों के अध्ययन में खुलासा : तापमान में उतार-चढ़ाव से चट्टानें होती हैं कमजोर

# सूरज की गर्मी भी बढ़ाती है भूकंप का खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

**जापान में हुए अध्ययन में सामने आया है कि सूरज की गर्मी भी भूकंप का खतरा बढ़ाती है। भूकंप एक जटिल प्राकृतिक घटना है जिसे वैज्ञानिक गहराई से समझने की कोशिश कर रहे हैं। अध्ययन के अनुसार सूर्य की गर्मी से वातावरण का तापमान बदल जाता है, जिससे चट्टानों के गुणों और जमीन के नीचे बह रहे जल पर असर पड़ता है। इन परिवर्तनों के कारण भूकंप आने की संभावना बढ़ सकती है।**

जापान के सुकुबा विश्वविद्यालय और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड इंडस्ट्रियल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों का यह अध्ययन वैज्ञानिक जर्नल कैओस में प्रकाशित हुआ है। शोधकताओं के अनुसार सौर विकिरण जो वायुमंडल द्वारा अवशोषित या परावर्तित नहीं होता (उदाहरण के लिए बादलों द्वारा) पृथ्वी की सतह तक पहुंचता है। पृथ्वी अपनी सतह पर पहुंचने वाली अधिकांश ऊर्जा को अवशोषित कर लेती है, एक छोटा सा अंश परावर्तित होता है। सूर्य की ऊर्जा में बदलाव होने पर इसका प्रभाव धरती के भीतर मौजूद टेक्टोनिक प्लेटों की हलचल पर भी पड़ता है। तापमान में उतार-चढ़ाव से चट्टानें कमजोर हो सकती हैं, जिससे उनके टूटने की संभावना बढ़ जाती है और यही भूकंप का कारण बन सकता है।



**गणितीय मॉडल से भविष्यवाणी :** शोधकर्ताओं ने भूकंप, सौर गतिविधि और सतह के तापमान के बीच संबंध को समझने के लिए गणितीय मॉडल का उपयोग किया। उन्होंने पाया कि सतह के तापमान में बदलाव को शामिल करने से भूकंप की भविष्यवाणी अधिक सटीक हो सकती है, विशेष रूप से उथली गहराई पर आने वाले भूकंपों के लिए। क्योंकि गर्मी और पानी का प्रभाव मुख्य रूप से पृथ्वी की ऊपरी परतों पर पड़ता है, इसलिए यह कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

#### टेक्टोनिक प्लेटों पर तापमान और पानी का प्रभाव

अध्ययन से जुड़े वैज्ञानिक मैथ्यूस हेनरिक जुनक्वेरा के अनुसार बारिश और पिघलती बर्फ टेक्टोनिक प्लेटों के किनारों पर दबाव को प्रभावित करती है। धरती कई टेक्टोनिक प्लेटों में विभाजित है जो लगातार धीमी गति से खिसकती रहती हैं। जब ये प्लेटें आपस में टकराती हैं या इनके बीच दबाव बहुत अधिक बढ़ जाता है, तो भूकंप आते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सूर्य की गर्मी और पानी जैसे कारक भूकंप के मुख्य कारण तो नहीं हैं, लेकिन ये भूकम्पीय घटनाओं को प्रभावित करते हैं।

#### ग्लोबल वार्मिंग और भूकंप का संबंध

इससे पहले सीस्मोलॉजिकल रिसर्च लेटर्स जर्नल में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया था कि वैश्विक तापमान में हो रही वृद्धि के कारण भविष्य में अधिक शक्तिशाली भूकंप आ सकते हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज और यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया के वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जल स्तर और तेज तूफान भी भूकंप की तीव्रता को प्रभावित कर सकते हैं।

# माहेश्वरी कुटुम्ब की रंगारंग फाग यात्रा ने पश्चिमी क्षेत्र को उल्लास के रंग में डुबोया

## संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में निकली यात्रा में शामिल हुए सांसद, विधायक व महापौर सहित अनेक समाजबंधु

गुड इवनिंग, इंदौर

संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में माहेश्वरी समाज के युगलों, स्नेहीजनों एवं परिवारजनों सहित परंपरागत फाग यात्रा ने शहर के पश्चिमी क्षेत्र को पूरी तरह उत्सव और उल्लास के रंग में डुबोए रखा। रविवार शाम को गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन से निकली इस फाग यात्रा में ऐसे अनेक आकर्षण मौजूद थे, जिन्हें देखकर राह चलते लोग भी ठिठक गए। सैकड़ों मोबाइल कैमरों में इस फाग यात्रा की तस्वीरों को कैद करने की स्पर्धा मची रही।

यात्रा में हरिधाम के महंत शुकदेवदास एवं प्रख्यात भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी के सानिध्य में सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित शहर के लगभग सभी क्षेत्रों के माहेश्वरी बंधु, आदिवासी लोक नर्तक, फूलों की वर्षा करने वाली तोपगाड़ी, मांदल की थाप पर नृत्य करने वाले भगोरिया के आदिवासी दल, ऊंट गाड़ी के अलावा भजन एवं गरबा मंडल भी शामिल थे। अनेक संत, महंत एवं मठ-मंदिरों के पुजारी भी फाग यात्रा में आकर्षण के केन्द्र बने रहे।

माहेश्वरी कुटुम्ब के प्रमुख संस्थापक प्रकाश-शारदा अजमेरा ने बताया कि फाग यात्रा गुमाश्ता नगर से प्रारंभ होकर नरेन्द्र तिवारी मार्ग, उषानगर, रणजीत हनुमान, स्कीम 71 होते हुए पुनः मुकुट मांगलिक भवन पहुंची, जहां यात्रा संचालन समिति की ओर से युगल किशोर राठी, मनोज छापरवाल, पुष्प माहेश्वरी, श्रीमोहन सोमानी, श्याम भांगड़िया, रूपेश भूतड़ा, आशीष बाहेती, गोपाल राठी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने सभी मेहमानों और यात्रा में शामिल समाजबंधुओं का स्वागत किया।

यात्रा में शामिल हजारों समाजबंधु राधाकृष्ण के फाग गीतों पर रंग-गुलाल एवं फूलों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। । तोप से फूलों एवं गुलाल की वर्षा के बीच यह यात्रा पूरे क्षेत्र में नागरिकों का अभिवादन करते हुए अनेक आकर्षणों के साथ पुनः मुकुट मांगलिक भवन पहुंची। जहां शहर के प्रमुख राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी भागीदारी दर्ज कराई। मार्ग में जगह-जगह यात्रा का आत्मीय और गरिमापूर्ण स्वागत भी रंगझगुलाल और अबीर की होली से किया गया। पिछले कई वर्षों से निकल रही इस फाग यात्रा के प्रति समाजबंधुओं का उत्साह इतना जबर्दस्त था कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों से समाजबंधु शाम 4 बजे से ही मुकुट मांगलिक भवन पहुंचा शुरू हो गए थे। भाग यात्रा संयोजक एवं सूत्रधार प्रकाश-शारदा अजमेरा ने इस भव्य और सार्थक आयोजन के लिए सभी समाजबंधुओं एवं स्नेहीजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्नेह एवं माधुर्य भोज के साथ इस फाग यात्रा का समापन हुआ।

### समूचा समाज उमड़ा

फाग यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और युवतियों ने भी भाग लिया। समिति के संरक्षक महेश-संगीता मूंगड़, अशोक-मीना ईनानी, मनोज-किरण छापरवाल, सत्यनारायण बाहेती, सत्यनारायण-निर्मला मंत्री, पुष्प माहेश्वरी, कैलाश जाजू, महेश तोतला, सत्यनारायण मंत्री, बलराम बजाज, जयकिशन डागा, मधुसूदन भलिका, आशीष माहेश्वरी, दिलीप तापड़िया, मयंक मूंदड़ा, राजेश मूंगड़ विजय हेड़ा, राम तोतला, श्याम सुंदर अटल, अभय डागा, संजय काबरा, मयंक मूंदड़ा, अमित भराणी, प्रवीण अजमेरा, अजय लाहोटी, अजय सारडा, राधेश्याम मालानी, पुरुषोत्तम मानधन्या, कमलेश गगरानी, संतोष साबू, दिलीप तोतला, युगल राठी, गोविंद बियाणी, अनिल मंत्री, सुचित झंवर, दिनेश जेथलिया, दिनेश लखोटिया, अनिल मंत्री, गोविंद बियाणी, रामचमंद्र काकाणी, अनिल काकाणी, गोपीकिशन काकाणी, अशोक शारडा, राजेश लड्डा, सपन माहेश्वरी, विशाल राठी, उमेश समदानी, प्रदीप जाखेटिया, ब्रजकिशोर बांगड़, राजेश मूंदड़ा, नवीन सोनी, नीलेश भूतड़ा आदि भी इस उत्सव के साक्षी बने। इस दौरान, माहेश्वरी दम्पति पूरी मस्ती के साथ अलग-अलग वेशभूषा में फाग गीतों पर नाचते-गाते हुए शामिल हुए।



## आज ब्रज में होली रे रसिया, गुलाल से सतरंगी हुआ आसमान

# विस क्षेत्र क्रमांक 3 के कार्यकर्ताओं ने राधा-कृष्ण संग उड़ाया गुलाल







गुड इवनिंग, इंदौर

आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-3 में बोलिया सरकार की छत्रि पर राधाकृष्ण फाग उत्सव सांसद शंकर लालवानी, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गौतम, विधायक गोलू शुक्ला, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व नगर अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चीना शुक्ला की उपस्थिति मनाया गया। विधायक गोलू शुक्ला और उनकी धर्मपत्नी चीना शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली।

दीपेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि राधाकृष्ण फाग उत्सव की शुरुआत में विधायक गोलू शुक्ला ने राधा रानी सरकार और भगवान कृष्णजी के चित्र का पूजन कर गुलाल अर्पित किया। भजन सम्राट अखिलेश दुबे और भजन गायिका द्वारा गाए सुमधुर राधा-कृष्ण फाग गीतों पर कार्यकर्ताओं ने जमकर गुलाल उड़ाया। विधायक शुक्ला और उनकी धर्मपत्नी चीना शुक्ला ने मंच से कार्यकताओं पर फूल की पंखुड़ियों और गुलाल की बारिश कर फाग की मस्ती में सराबोर कर दिया। सबसे पहले चीना शुक्ला ने विधायक गोलू शुक्ला के गालों पर गुलाल लगाया। विधायक शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ भजनों पर नृत्य भी किया।

सोलंकी ने बताया कि भजन सम्राट अखिलेश दुबे ने आज ब्रज में होली रे रसिया, होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा, रंग मत डाले रे सांवरिया, होली खेल रहे श्याम बरसाने में, होली खेल रहे नंदलाल जैसे फाग गीतों से माहौल जमा दिया। महिला कार्यकर्ताओं झूमने पर मजबूर हो गई। कार्यकर्ता एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाई दे रहे थे। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में कलाकारों ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। उन्होंने भी कार्यकर्ताओं के साथ जमकर गुलाल खेला। गुलाल स्प्रे मशीन से कार्यकर्ता हरा, नीला, पीला, केसरिया, जामुनी, लाल गुलाल उड़ा रहे थे, जिससे पूरा आसमान सतरंगी हो गया। इस अवसर पर दिनेश वर्मा, एमआईसी मेंबर मनीष मामा, रूपाली पेंढारकर, पंखुडी डोसी, गजानंद गावड़े, सुरेश टाकलकर, भावना चौधरी, रूपा दिनेश पांडे, मृदुल अग्रवाल, रितेश वीरांग, बंटी वर्मा, आशीष शर्मा, चंद्रभान सिंह सोलंकी, शिव पाल, रामदास गर्ग, आदित्य दीक्षित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधवा-विधुर, तलाकशुदा और दिव्यांग प्रत्याशियों का परिचय सम्मेलन इंदौर में



गुड इवनिंग, इंदौर

म.प्र. वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में विधवा-विधुर, प्रौढ़, तलाकशुदा एवं दिव्यांग प्रत्याशियों के लिए आगामी रविवार, 25 मई को रवीन्द्र नाट्य गृह में वृहद परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। म.प्र. वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल एवं संगठन के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता की प्रेरणा से इस परिचय सम्मेलन में 25 वैश्य घटकों के प्रत्याशी शामिल होगें। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, विष्णु बिंदल एवं अन्य वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में सम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

संगठन के प्रदेश महामंत्री अरविंद बागड़ी, जिला अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल, परिचय सम्मेलन के प्रमुख संयोजक राजेश गर्ग एवं शिव जिंदल ने बताया कि इस परिचय सम्मेलन में वैश्य समाज के 25 घटकों के विशिष्ट श्रेणी के प्रत्याशियों को एक मंच पर लाकर उनकी गृहस्थी बसाकर उनके जीवन में खुशियां लाने का ऐसा प्रयास पहली बार किया जा रहा है। इस सम्मेलन में ऐसे प्रत्याशी, जिनका तलाक हो चुका है या जो दुर्भाग्यवश विधवा-विधुर हो चुके हैं, उनके घर को फिर से बसाने का काम इस सम्मेलन के माध्यम से होगा। इसमें ऐसे युवक-युवतियों को भी शामिल किया जा रहा है, जिनकी आयु 38 वर्ष से अधिक हो चुकी है, लेकिन किन्हीं कारणों से अब तक उनका विवाह नहीं हो पाया है। ढलती उम्र में एकल जीवन जी रहे वैश्य समाज के लोग भी इस सम्मेलन में आकर अपने लिए योग्य जीवन साथी ढूंढ सकेंगे।

**25 वैश्य घटकों के अधिक उम्र एवं विशिष्ट श्रेणी के प्रत्याशी होंगे शामिल**

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक प्रत्याशी ५्ररँ८स्त्रंॾल्लं८ एप डाउनलोड कर सम्मेलन में आने के लिये प्रविष्ठि पत्र भर सकते हैं। आयोजन में भाग लेने और परिचय पुस्तिका में प्रविष्ठि के प्रकाशन का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। एप संबंधी जानकारी या वाटसअप पर अपनी प्रविष्ठि भेजने के लिए विशाल पोरवाल से 98270-72993 नंबर पर सम्पर्क किया जा सकेगा। परिचय सम्मेलन की तैयारियों हेतु सभी प्रमुख वैश्य घटकों के वरिष्ठों की एक समिति का गठन किया जा रहा है और जल्द ही उनकी बड़ी बैठक का आयोजन भी रंगपंचमी के पश्चात किया जाएगा। इसी तरह 8 हजार प्रविष्ठियों वाले सामान्य एवं उच्च शिक्षित प्रत्याशियों की निशुल्क जानकारी देने वाला एप भी सभी वैश्य बंधुओं को उपलब्ध कराने की तैयारियां की जा रही हैं। इस एप का लोकार्पण हाल ही इंदौर में वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल के आतिथ्य में वरिष्ठ समाजसेवियों द्वारा किया गया।

### एक शाम खाटूवाले के नाम भजन संध्या 3 अप्रैल को



**इंदौर।** श्री राधेकृष्ण मंदिर निर्माण और शीतला माता पूजन के उपलक्ष्य में माचल के मां भवानी चौराहे पर 3 अप्रैल को एक शाम खाटूवाले के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। उदय अग्रवाल ने बताया कि ख्यात भजन गायिका गौरी अग्रवाल भजनों से सराबोर करेंगी। भव्य श्याम कीर्तन के अंतर्गत सुसज्जित दरबार दर्शन, पुष्प वर्षा और आतिशबाजी के भी आयोजन होंगे।

# फूलमाली सैनी समाज छावनी के शोकाकुल परिवारों पर रंग डालने की रस्म संपन्न

**इंदौर।** फूलमाली सैनी समाज छावनी के समाजबंधुओं ने छावनी स्थित बद्रीनारायण भोलाराम की धर्मशाला पर एकत्र होकर उन समाज बंधुओं पर रंग डालकर शोक निवारण की रस्म संपन्न की, जिनके परिवार में पिछले वर्ष होली से लेकर इस वर्ष होली तक की अवधि में गमी हुई है। समाज के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी, मंत्री मनोहर सैनी एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि इस मौके पर समाज के करीब 15 शोकाकुल परिवारों के सदस्य शामिल हुए। पहले गमी वाले घरों पर समाज के सभी लोग पहुंचकर रंग-गुलाल करते थे, लेकिन शहर के विस्तार एवं दूर-दराज की कालोनियों में बसे समाजबंधुओं तक पहुंचना तथा शहर की यातायात व्यवस्था और समाजबंधुओं के परिजनों को होने वाली मुश्किलों को देखते हुए पिछले वर्ष से एक ही स्थान पर सभी समाजबंधु एकत्र होकर शोक निवारण की रस्म संपन्न कर रहे हैं।

## भजन गायक श्रीधर झरकर ने मधुर भजनों से बांधा समा

# अग्रवाल पंचायत में फूलों की वर्षा से फाग उत्सव

गुड इवनिंग, इंदौर

*मालवा मिल अग्रवाल पंचायत का रंगारंग फाग महोत्सव यशवंत निवास रोड स्थित अग्रवाल पंचायत धर्मशाला पर भजनों और फूलों की वर्षा के बीच धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्ष गोविंद गर्ग भमोरी, मंत्री सुशील अग्रवाल, गोविंद गोयल अलंकार ने बताया कि भजन गायक श्रीधर झरकर ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भजनों की गंगा बहाकर समाजबंधुओं को देर रात तक थिरकाए रखा। समाजबंधुओं ने शहर में आठवीं बार भी स्वच्छता में अव्वल बनाने का संकल्प लिया।*



कार्यक्रम संयोजक अशोक अग्रवाल, राजेश अग्रवाल एवं पंचायत के वरिष्ठ महेश अग्रवाल, रामचरण अग्रवाल, संतोष गोयल, सुरेश मित्तल एवं कैलाश काका ने दीप प्रज्ज्वलन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। महिला मंडल की ओर से श्रीमती अनीता गोयल, श्रीमती मोनिका पोत्दार एवं अन्य बहनों ने महाराजा अग्रसेन और लड्डू गोपाल की आरती कर राधा-कृष्ण की झांकी सजाई। प्रारंभ में पंचायत के मंत्री सुशील अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल एवं कल्याणमल अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, गोविंद रामजीलाल गोयल, अजय गोयल, अशोक अग्रवाल, सतीश मंगल, अरविंद गोयल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर विशेष रूप से कैलाश मित्तल, हर गोविंद मित्तल, बाबूलाल किताबवाले, बाबूलाल मित्तल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विनय गोयल, सेवाराम गोयल, महेश मंगल, बल्लू काका, सूरजमल जैन, दिलीप अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, महेश गोयल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे। कार्यक्रम संयोजक अशोक अग्रवाल एवं राजेश अग्रवाल के अनुसार समाजबंधुओं के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी रखी गई थी। संचालन गोविंद गर्ग ने किया और आभार माना अजय गोयल ने। समापन अवसर पर सभी समाजबंधुओं ने शहर को स्वच्छता में आठवीं बार अव्वल बनाने का संकल्प लिया।

## आयुक्त ने किया स्लम बस्ती का निरीक्षण...





फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। आयुक्त शिवम वर्मा ने जोन क्रमांक-19 क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिसमें विशेष रूप से स्टार चौराहे से लेकर कनाडिया संचार नगर की स्लम बस्ती तक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से पानी की आपूर्ति को लेकर चर्चा की।

### 19 मार्च को शहर में पारंपरिक गेर का भव्य आयोजन होगा

# तैयारियां पूरी, इस साल नहीं निकलेगी रसिया कॉर्नर की गेर

गुड इवनिंग, इंदौर

रंगपंचमी के अवसर पर 19 मार्च को शहर में पारंपरिक गेर का भव्य आयोजन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र में निकलने वाली गेर टोरी कॉर्नर चौराहे से शुरू होकर राजवाड़ा पहुंचेगी और फिर अपने निर्धारित स्थान पर वापस लौटेगी। इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। हालांकि, इस बार ओल्ड राजमोहल्ला से निकलने वाली रसिया कॉर्नर की गेर का आयोजन नहीं किया जाएगा। समिति के पंडित राजपाल जोशी ने बताया कि इस गेर का यह 52वां वर्ष होता, लेकिन समिति के प्रमुख संरक्षक पंडित क्रांति सागर जोशी के हाल ही में निधन के चलते इस बार गेर को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष इस गेर को और भी भव्य रूप में प्रस्तुत किया जाएगा ताकि इसकी विशेष पहचान कायम रह सके।

**गेर में बरसाना की लट्ठमार होली का दृश्य**–संगम कॉर्नर चल समारोह समिति ने अपनी गेर की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इस आयोजन में कॉलेज के युवा छात्र-छात्राओं से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को आमंत्रित किया गया है ताकि गेर में अधिक से अधिक लोग भागीदारी निभा सकें। इस बार की गेर में विशेष रूप से बरसाना की प्रसिद्ध लट्ठमार होली की झलक देखने को मिलेगी, जो कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाएगी। इसके अलावा, इस बार गेर में मिसाइलों से रंग उड़ाने की विशेष व्यवस्था की गई है। इससे रंगों की बौछार का एक अनूठा और मनोरम दृश्य उपस्थित लोगों को देखने को मिलेगा।



### इंदौर में रहेगा रंगपंचमी पर स्थानीय अवकाश

इंदौर। जिले में रंग पंचमी के मौके पर 19 मार्च को स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश कलेक्टर द्वारा घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जारी वर्ष 2025 के लिए इंदौर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार जिले में रंग पंचमी के मौके पर 19 मार्च को और दशहरे के दूसरे दिन 3 अक्टूबर शुक्रवार को स्थानीय अवकाश रहेगा। साथ ही अहिल्या उत्सव के अवसर पर 22 अगस्त को आधे दिन का अवकाश घोषित किया गया है। उक्त सभी अवकाश बैंक और कोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### हर साल भव्य होती जा रही इंदौर की गेर

मॉरल क्लब भी इस बार अपनी गेर में नए अंदाज को पेश करने की तैयारी कर रहा है। क्लब के प्रतिनिधि अभिमन्यु मिश्रा ने बताया कि पारंपरिक गेर को लेकर विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। गेर हर साल भव्य होती जा रही है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे, जिससे गेर का नजारा और भी भव्य व रंगीन दिखाई देगा। मॉरल क्लब की इस गेर में दर्शकों को एक नया और अलग अनुभव मिलेगा, जिसे वे लंबे समय तक याद रखेंगे। रंगपंचमी के अवसर पर निकलने वाली इन पारंपरिक गेरों को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह है। लोग इन गेरों को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और हर साल की तरह इस बार भी यह आयोजन शहरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनकर रहेगा।

## सांसों में तकलीफ, बुखार फिर निमोनिया, इंदौर में बढ़ रहे खतरनाक बुखार के मरीज

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में इन दिनों खतरनाक वायरल की चपेट में आ रहे हैं। एन्फ्लूएंजा-ए और एच-3, एन-2 से मिलते जुलते इस वायरल के लक्षण बुखार, सांसों में तकलीफ है। कई बार इससे निमोनिया भी मरीजों को हो रहा है और उन्हें अस्पताल में भर्ती तक होना पड़ रहा है। हर दिन अस्पतालों में 50 से 70 मरीज इस वायरल के इलाज के लिए आ रहे हैं। शहर के छाती रोग विशेषज्ञ रवि डोसी इस वायरल के खतरनाक होने की वजह मौसम का उतार-चढ़ाव बता रहे है। पहले गर्मी आई, फिर अचानक सर्दी बढ़ गई। इस तरह का मौसम वायरल के फैलाव के लिए अनुकूल होता है। इन दिनों लोग धार्मिक स्थलों पर भी काफी जाते हैं। कई मरीजों की ट्रेवल हिस्ट्री मिली है। पर्यटन के दौरान वे वायरल के चपेट में आ रहे है और फिर उनके संपर्क में आने के कारण दूसरे लोग व परिवारजन भी चपेट में आ रहे हैं ।शहर में फैले वायरल की चपेट में आने वाले जिन मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, उनके लिए यह बुखार जानलेवा साबित हो रहा है। सांसों में तकलीफ और निमोनिया के कारण कुछ मरीजों को आईसीयू में भी शिफ्ट करना पड़ रहा है। बच्चों और युवकों पर इस वायरल का ज्यादा असर नहीं दिखाई दे रहा है। डाह. डोसी के अनुसार, इस मौसम में यह वायरल तेजी से फैलता है। रोगी के संपर्क में आने यह फैलता है। सामान्य तौर पर कुछ लोगों को सिर्फ बुखार आता है, लेकिन कुछ मरीजों में बुखार के साथ दस्त, कमजोरी, गले में खराश और कफ के लक्षण भी देखे जा रहे है।

## बगीचे में नशा करने से रोका तो पार्षद पर पथराव किया, थाने में शिकायत

गुड इवनिंग, इंदौर

गुमाश्ता नगर वार्ड के भाजपा पार्षद जीतू राठौर पर शराबियों ने उस वक्त पथराव कर दिया, जब वे रहवासियों की शिकायत पर स्कीम नंबर 71 के गार्डन में पहुंचे थे । बगीचे में बैठे नशेड़ियों को पार्षद ने पकड़ लिया, लेकिन वे हाथ छुड़ाकर भाग गए। पार्षद और रहवासियों ने उनका पीछा किया तो उन्होंने पथराव कर दिया। इसकी शिकायत चंदन नगर थाने में की गई है। रहवासियों ने पुलिस से कहा कि वार्ड में श्रीजी वाटिका, विश्राम बाग की गली के अलावा दो अन्य उद्यानों में भी नशाखोरी होती हैं। विरोध करने पर कई बार नशेड़ी हमला भी कर देते हैं। पार्षद राठौर ने बताया कि स्कीम-71 में नशाखोरी की समस्या रहवासियों ने बताई थी। इसके बाद मौके पर पहुंच कर हमने नशा कर रहे दो युवकों को रंगे हाथों पकड़ा था, लेकिन वे हुज्जत करने लगे। इसके बाद वे हाथ छुड़ाकर भाग गए। एक व्यक्ति का नाम भी पता चल चुका है। हमने थाने में पथराव की शिकायत की है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

**होती है उद्यान में लूटपाट**–गुमाश्ता नगर क्षेत्र में कई बड़े बंगले और कोठियां हैं। रहवासी अक्सर सुबह और शाम की सैर के लिए यहां आते हैं। उद्यान में बस्तियों के लोग नशा करने आते है और लूट की घटना को भी अंजाम देते हैं। छह माह पहले दो महिलाएं चेन स्नेचिंग की शिकार हो चुकी हैं।

## ऊर्जस एप पर आने वाली शिकायतों की कंपनी करती है दैनिक समीक्षा

### निराकरण की पुष्टि के लिए फोन भी लगाया जाता है

गुड इवनिंग, इंदौर

पश्चिम विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा उपभोक्ता सेवाओं का अच्छी तरह से संचालन किया जा रहा हैं। कंपनी के ऊर्जस एप पर भी प्रतिदिन सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं की विभिन्न तरह की शिकायतें मिलती है, जिसकी कंपनी के अधिकारी दैनिक समीक्षा भी करते हैं।

कंपनी अधिकारियों के मुताबिक ऊर्जस एप के अलावा वाट्सएप, सोशल मीडिया, केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912, जोन वितरण केंद्रों के लोकल कॉल सेंटर आदि माध्यमों से उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान किया जा रहा है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत




वितरण कंपनी इंदौर के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान के द्वारा उपभोक्ता सुविधाओं, शिकायत निवारण प्रकिया की दैनिक समीक्षा की जाती है। श्री चौहान ने बताया कि आपूर्ति संबंधी शिकायतों का निराकरण समय सीमा में किया जा रहा है। वाट्सएप, सोशल मीडिया, ऊर्जस एप, कॉल सेंटर 1912 के साथ ही जोन, वितरण केंद्रों के नंबर पर या इन स्थानों पर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने वालें प्रकरणों में भी तुरंत संज्ञान लिया जा रहा हैं। आपूर्ति संबंधी शिकायतों का समय पर समाधान कर प्रत्येक शिकायतकर्ता को निराकरण की पुष्टि के लिए फोन भी लगाया जाता है, ताकि संतुष्टि का स्तर अधिकतम बना रहे। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि प्रतिदिन 500 उपभोक्ताओं को फोन कर बिजली सेवाओं संबंधी फीडबैक भी लिया जा रहा हैं। उक्त फीडबैक का रिकॉर्ड भी रखा जाता है, ताकि उपभोक्ता संतुष्टि का पता चल सके।

## कचरा जलाने की रिपोर्ट होगी कोर्ट में पेश

### कोर्ट के निर्देश के बाद होगी अगली कार्रवाई

गुड इवनिंग, इंदौर

भोपाल से लाए गए 337 टन कचरे में से कई टन कचरे का निपटान हो चुका है। बताते है कि इस दौरान हानिकारक गैसें नहीं निकली, लेकिन अभी कचरे की राख को लैंडफील नहीं किया गया है। उसे रामकी संयंत्र में ही सुरक्षित रखा गया है।

तीनों ट्रायल रन की रिपोर्ट अब 27 मार्च को होने वाली जबलपुर हाईकोर्ट की सुनवाई में पेश की जाएगी। कई टन कचरा जलाने के बाद फिलहाल भस्मक बंद है। कोर्ट के निर्देश के बाद फिर बचे कचरे के निष्पादन की कार्ययोजना तैयार होगी। उधर कचरा जलाने का विरोध कर रही पीथमपुर बचाओं समिति का कहना है कि कचरा का क्लिनिकल ट्रायल होना चाहिए।



कचरे को जलाने के बाद बची राख और निपटान के बाद भस्मक से डिस्चार्ज किए गए पानी की भी जांच के बारे में प्रदूषण नियंत्रण मंडल कुछ नहीं बता रहा है। राख का निपटान कैसे होगा इस बारे में भी उन्हें नहीं पता चल रहा है। बताते है कि समिति भी अपना पक्ष हाईकोर्ट में रखेगी। इधर प्रदूषण नियंत्रण मंडल का कहना है कि तीनों ट्रायल रन के दौरान निकली गैसों पर निगरानी रखी गई है। गैसों का उत्सर्जन तय मापदंडों के अनुरुप पाया गया है। कोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद जो निर्देश मिलेंगे। उसके आधार पर आगे कचरे का निपटान होगा। फिलहाल भस्मक में कचरा नहीं जलाया जा रहा है।

## इंदौर और भोपाल को मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र बनाने की चल रही है तैयारी

गुड इवनिंग, इंदौर

प्रदेश में औद्योगिक विकास और निवेशकों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य में 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (महानगर) की कार्रवाई नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा की जा रही है।

प्रदेश का पहला मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र इंदौर-उज्जैन-देवास और धार को मिलाकर विकसित करने की तैयारी चल रही है। इसी प्रकार दूसरा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर विकसित करने की कार्रवाई की जा रही है। इनके गठन से मध्यप्रदेश को एक आर्थिक विकास केन्द्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। केन्द्र सरकार के विजन के अनुरूप, राज्य के प्रमुख संभाग मुख्यालय ग्वालियर, सागर, रीवा, जबलपुर, नर्मदापुरम और शहडोल को क्षेत्रीय आर्थिक विकास केन्द्र (रीजनल इकॉनामिक ग्रोथ हब) के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार का यह प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ रोजगार, व्यापार और निवेश के नए अवसरों को भी बढ़ावा देगा।

**टीडीआर पोर्टल किया है तैयार**–प्रदेश की नगरीय क्षेत्र की भूमि बहुमूल्य संसाधन है। टीडीआर (ट्रांसफर ऑफ डेवलपमेंट राइट्स) नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के क्रियान्वयन के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया तय की गई है। ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए टीडीआर पोर्टल तैयार किया गया है। यह पोर्टल भवन निमार्ताओं और सम्पत्ति मालिकों को विकास अधिकारों के हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करता है।

### एक बस स्टॉप की लागत होगी आठ करोड़ करोड़ रुपए

# एआईसीटीएसएल बनाएगा 600 डिजिटल बस स्टॉप

गुड इवनिंग, इंदौर

*एआईसीटीएसएल नए डिजिटल बस स्टॉप की सुविधा लोगों को देने जा रहा है। जल्द ही इनका काम शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि पहले फेज में 200 डिजिटल बस स्टॉप बनाए जाएंगे, इसके बाद बाकी के बस स्टॉप का काम शुरू किया जाएगा । शहर में कुल 600 डिजिटल बस स्टॉप बनाने की प्लानिंग है। इन बस स्टॉप के बनने से यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी ।*

मिली जानकारी के अनुसार, 200 पुराने बस स्टॉप को तोड़कर डिजिटल बस स्टॉप बनाए जाएंगे। यहां यात्रियों को आवश्यक जानकारी के साथ कई आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी । बस स्टॉप पर यात्रियों के रुकने से बसें केवल निर्धारित स्टॉप पर ही रुकेंगी, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। एक महीने के भीतर इनका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इन डिजिटल बस स्टॉप पर सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, बैठने की सुविधा, आपातकालीन संपर्क नंबर और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, यह भी योजना बनाई जा रही है कि जिन बस स्टॉप के पास पर्याप्त जगह होगी, वहां एआईसीटीएसएल (एआईसीटीएसएल) द्वारा लाइब्रेरी, सिटिंग एरिया और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जानकारी के अनुसार, एक डिजिटल बस स्टॉप बनाने की लागत लगभग 8 लाख रुपए होगी। हालांकि, यह परियोजना पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर संचालित होने के कारण किसी पर भी अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा । बताया जा रहा है कि निर्माण करने वाली एजेंसी इन बस स्टॉप्स का विज्ञापन उद्देश्यों के लिए कई सालों तक उपयोग करेगी। बड़े शहरों में मेट्रो स्टेशनों की तर्ज पर डिजिटल बस स्टॉप तैयार किए जाएंगे। एआईसीटीएसएल की पीआरओ माला सिंह ठाकुर ने बताया कि, पहले चरण में 200 डिजिटल बस स्टॉप का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद अगले चरण में 200 बनाए जाएंगे। ऐसे 600 बस स्टॉप बनाने की प्लानिंग है।



# राजगढ़ के जिला अस्पताल में अब मिलेगा बेहतर इलाज

## 40 करोड़ से तैयार अस्पताल की इमारत का सीएम ने किया लोकार्पण

गुड इवनिंग, भोपाल/राजगढ़





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल राजगढ़ जिला चिकित्सालय के नए भवन का लोकार्पण किया। जिला चिकित्सालय के 300 बिस्तरीय अस्पताल का उन्नयन कर 500 बिस्तरीय किया गया है। अस्पताल भवन के लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आई.सी.यू. तथा सर्विलांस सेंटर का अवलोकन किया और चिकित्सकों से नवीन अस्पताल भवन में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजगढ़ जिले के नागरिकों को इस सर्व सुविधा युक्त जिला अस्पताल से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

जिला अस्पताल का 200 बिस्तरों के उन्नयन पश्चात नवीन अस्पताल भवन सर्व सुविधा संपन्न है। उन्नयन के पश्चात पूर्णतः वातानुकुलित मेडिकल आई.सी.यू यूनिट, डायलिसिस यूनिट, सर्जिकल आई.सी.यू. यूनिट तथा चार अत्याधुनिक माड्युलर ऑपरेशन थियेटर है। जिसमें सभी प्रकार की सर्जरी होगी। इस भवन की लागत 40 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही शीघ्र ही राजगढ़ मेडिकल कॉलेज भी प्रारंभ होना है। जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध रहेगा।

**मरीजो के परीजनों के लिए ठहरने की व्यवस्था**-इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिकित्सालय परिसर में मरीजो के परिजनो के ठहरने के लिये 2 करोड़ 24 लाख की लागत से बनने वाले रैन बसैरा भवन का भूमिपूजन किया। रैन बसेरा के 02 मंजिला भवन के प्रत्येक तल पर 40-40 बिस्तरो की क्षमता से सर्वसुविधायुक्त डोर मेट्री रहेगी। जिसमें मरीजो के परिजनो के लिए भोजन व्यवस्था भी रहेगी। इसके अलावा प्रथम तल पर 02 प्रायवेट रूम भी रहेंगे।

कार्यक्रम में मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं राजगढ़ जिला प्रभारी मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप, प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्री गौतम टेटवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास श्री नारायण सिंह पंवार, सांसद श्री रोडमल नागर, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर, विधायक राजगढ़ श्री अमर सिंह यादव, विधायक खिलचीपुर श्री हजारीलाल दांगी, विधायक नरसिंहगढ़ श्री मोहन शर्मा मौजूद थे।

### दोस्तों ने पहले गला रेता फिर सीने में चाकू घोंपकर उतार दिया मौत के घाट

# भोपाल में थाने से 200 मीटर दूर युवक की हत्या

गुड इवनिंग, भोपाल

*राजधानी के तलैया थाना क्षेत्र में रविवार सुबह दिन दहाड़े आधा दर्जन बदमाशों ने एक युवक की सड़क पर हत्या कर दी। बदमाशों ने युवक का गला रेता, दोनों हाथों की कलाइयां काटी और सीने में चाकू भी घोंप दिया। बदमाश इतनी हैवानियत पर उतारू थे कि युवक की मौत कंफर्म होने के बाद ही मौके से भागे। पुलिस हत्याकांड को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश में छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश और किसी महिला को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है।*



हैरानी की बात यह कि युवक की हत्या करने वाले बदमाशों में पुलिस का कोई खौफ नहीं था, क्योंकि उन्होंने तलैया थाने से मजह 200 मीटर की दूरी पर ही इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। जिस युवक की हत्या हुई है, उसके बड़े भाई की भी डेढ़ साल पहले हत्या की गई थी। पुलिस उस हत्याकांड में समझौते और गवाही को लेकर भी युवक की हत्या की आशंका जता रही है। तलैया थाना पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय आदिल खान बैंड मास्टर चौराहे से कुछ ही दूरी पर रहता है। सुबह छह बजे के बाद आधा दर्जन युवक उसके घर पहुंचे और आदिल को बुलाया। यह सभी युवक आदिल के दोस्त और परिचित ही थे। बुलाने पर आदिल उनके साथ चला गया। सुबह साढ़े आठ बजे के करीब लोगों ने आदिल के परिजनों को बताया कि बैंड मास्टर चौराहे पर आदिल खून से लथपथ हालत में पड़ा है। सूचना पर आदिल का भाई और अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो वह बेसुध हालत में पड़ा था। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई है।

**भाई की भी हो चुकी है हत्या**-पुलिस ने बताया कि आदिल के बड़े भाई आमिर की भी डेढ़ साल पहले विवाद में हत्या कर दी गई थी। आमिर की हत्या जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के बरखेड़ी इलाके में हुई थी। पुलिस ने उस हत्याकांड के बिंदुओं को भी इस मामले की जांच में शामिल किया है। डीसीपी जोन-3 रियाज इकबाल ने कहा कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है, टीमें दबिश दे रही हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### किन्नर भी घायल, पैसों के लेनदेन का विवाद

आधा दर्जन बदमाशों के हमले में दो किन्नर भी घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों आदिल को बचाने पहुंचे थे। इस दौरान आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। हत्याकांड के प्रत्यक्षदर्शियों की तलाश में पुलिस की टीम जुट गई है। इसके साथ ही बदमाशों की तलाश में भी छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा, क्योंकि सभी आरोपी पीड़ित परिवार के परिचित हैं और उसी क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस यह भी आशंका जता रही है कि किन्नरों के साथ किसी मामले को लेकर युवक की हत्या की गई है। हत्याकांड की वजह पैसों का लेनदेन भी हो सकता है।

# प्रदेश की 15 यूनिवर्सिटी के कुलगुरु को हटाने की तैयारी

## नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री ने मानी गलती

गुड इवनिंग, भोपाल

मध्य प्रदेश की 32 यूनिवर्सिटियों में कुलगुरु की नियुक्तियों को लेकर सवाल उठे हैं। इनमें से 15 विश्वविद्यालयों में प्रभारी कुलगुरु नियुक्त किए गए हैं और इन्हें पद से हटाने के लिए मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग ने राज्य सरकार से अनुशंसा की है।

मध्य प्रदेश की 32 विश्वविद्यालयों में कुलगुरु की नियुक्तियों को लेकर सवाल उठे हैं। दरअसल यह मामला विधानसभा में उठ चुका है। मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग ने राज्य सरकार को 32 विश्वविद्यालयों के कुलगुरु की नियुक्तियों को अवैध बताते हुए उनको हटाने की अनुशंसा की थी, जिस पर राज्य सरकार ने आयोग को दोबारा अपने फैसले का पुनरीक्षण करने का सुझाव दिया। इसके बाद आयोग ने 15 यूनिवर्सिटी के कुलगुरु को मान्यता दे दी, लेकिन 15 प्रभारी कुलगुरुओं को हटाने को कहा गया है। इस मामले में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि 15 कुलगुरु जल्द हटेंगे। मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के सवाल के जवाब में लिखित में यह गलती स्वीकार की। उन्होंने कहा कि कुछ जगह मानकों के विपरीत कुलगुरु पदस्थ हैं।

**कार्यवाहक कुलगुरु नियुक्त किए**-मंत्री ने कहा कि प्रदेश के कुछ विश्वविद्यालयों में मानकों के विपरीत कुलगुरु पदस्थ हैं। परमार ने कहा कि 15 विश्वविद्यालयों से मिली जानकारी के आधार पर कुलगुरु की नियुक्ति को आयोग ने स्वीकार कर लिया है। दो यूनिवर्सिटी में नियमित कुलगुरु की नियुक्ति की जा चुकी है। शेष 15 के अमान्य कुलगुरु को हटाकर कार्यवाहक कुलगुरु की नियुक्ति की गई है। नियमित कुलगुरु की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

### आट्र्स के प्रोफेसर नौ साल से विज्ञान कॉलेज के प्राचार्य

प्रदेश के कॉलेजों में जहां प्राध्यापकों की कमी है, वहीं ज्यादातर कॉलेजों का संचालन प्रभारी प्रिंसिपलों के सहारे हो रहा है। ऐसे ही एक मामले को लेकर विधानसभा में गत दिवस हंगामा मच गया। दरअसल, विधानसभा में कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने जबलपुर जिले का एक मामला उठाया है। उन्होंने बताया कि शासकीय रॉबर्टसन कॉलेज जबलपुर का सबसे अच्छा कॉलेज माना जाता रहा है, लेकिन दो विंग में बंटे कॉलेज में स्थिति यह है कि आट्र्स फैकल्टी का प्रोफेसर साइंस कॉलेज विंग में नौ साल से प्राचार्य बना बैठा है। घनघोरिया ने यह भी कहा कि साइंस का जूलॉजी का व्याख्याता महाकौशल आर्टस कॉलेज का प्रिंसिपल है। ऐसे में यह क्या पढ़ाते हैं, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने इस अव्यवस्था पर सवाल उठाते हुए तंज कसा कि अगर ऐसा ही करना है तो फिर तहसीलदार और पटवारी को कॉलेज सौंप देना चाहिए।


# जयारोग्य अस्पताल में आग, खिड़की तोड़कर मरीजों को निकाला

गुड इवनिंग, ग्वालियर

अंचल के सबसे बड़े चिकित्सा समूह जयारोग्य चिकित्सालय के कमलाराजा महिला एवं बाल रोग चिकित्सालय के लेबर वार्ड के आईसीयू में देर रात भीषण हादसा हो गया। एसी कंप्रेसर फटने से वहां आग लग गई, जिससे सो रही प्रसूताओं का दम घुटने लगा। जब उन्होंने देखा तो पूरे वार्ड में तेज धुआं भर चुका था और कई जगह आग की हल्की चिंगारियां भी नजर आ रही थीं। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई और खिड़कियां तोड़कर धुआं निकालने की कोशिश की गई। घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर और एसपी सहित अस्पताल प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की मदद से सभी मरीजों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

यह घटना देर रात 1 बजे से 1:30 बजे के बीच की है। उस समय लेबर वार्ड के आईसीयू में 16 महिलाएं भर्ती थीं, जबकि आसपास के वार्डों में 100 से ज्यादा मरीज थे। अचानक आईसीयू में एसी के पास शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग लग गई। इसके बाद पूरे वार्ड में धुआं फैल गया, जिससे लोगों का दम घुटने लगा। स्टाफ, मरीज और उनके अटेंडरों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की। साथ ही तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और स्टाफ मौके पर पहुंचा। इस बीच कलेक्टर रुचिका चौहान और एसपी धर्मवीर सिंह भी वहां पहुंच गए। सबसे पहले वार्ड के शीशे तोड़कर धुआं निकालने का प्रयास किया गया। साथ ही सभी महिला मरीजों और नवजात शिशुओं को एक-एक कर सुरक्षित बाहर निकाला गया और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शिफ्ट किया गया।

**पहले भी हो चुका है हादसा**-कलेक्टर रुचिका चौहान, एसडीएम विनोद सिंह, सुपरिंटेंडेंट डॉ. सक्सेना और डॉ. श्रीवास्तव मौके पर मौजूद रहे और सभी मरीजों को सुरक्षित शिफ्ट करवाया गया। बता दें कि बीते साल 9 मार्च को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भी एसी का कंप्रेसर फटने से आग लग गई थी, जिसमें बाद में एक मरीज की मौत हो गई थी।



### तत्काल एक्शन से टला बड़ा हादसा

कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि रात्रि करीब 1 बजे कमलाराजा अस्पताल के आईसीयू में अचानक एसी में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। गार्ड्स और वार्ड बॉय को फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग होने के कारण उन्होंने तुरंत मरीजों को बाहर निकाला। आग से धुआं बहुत ज्यादा हो गया था, इसलिए वेंटिलेशन को सुगम बनाने के लिए खिड़कियों की जालियां तोड़ी गई। नगर निगम की फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पा लिया गया और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# मऊगंज में बवाल के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: मुख्यमंत्री

गुड इवनिंग, भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मऊगंज में हुई घटना पर कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस हिंसा में एक पुलिस अधिकारी और एक नागरिक की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत एएसआई रामचरण गौतम के परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 लागू कर दी गई है। साथ ही रीवा के डीआईजी, मऊगंज एसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि घटना में घायल अन्य पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए रीवा अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि शाहपुर थाना क्षेत्र के गदरा गांव में दो गुटों के बीच विवाद की सूचना पर तहसीलदार और थाना प्रभारी के साथ पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया था। इस दुर्भाग्यपूर्ण हमले में हमारे पुलिस के एएसआई रामचरण गौतम की मौत हो गई। मैं शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं। घटना के तुरंत बाद इलाके में धारा 163 लागू कर दी गई और डीआईजी रीवा, एसपी मऊगंज समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। एडीजी रीवा जोन भी घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। साथ ही, डीजीपी को भी मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अमानवीय और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

**एएसआई रामचरण को शहीद का दर्जा, परिजनों को 1 करोड़ रुपए**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिला मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में हुई दुर्घटना में कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले एएसआई (25वीं बटालियन) रामचरण गौतम को शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. गौतम के आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लिया जाएगा। यह उनके बलिदान के प्रति श्रद्धा, आस्था और राज्य सरकार की परंपरा व कर्तव्य का प्रकटीकरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद रामचरण गौतम की कर्तव्य परायणता और उनका बलिदान चिर-स्मरणीय रहेगा।

# डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री के पिता के निधन पर हरियाणा पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को हरियाणा पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। सीएम ने उनके पैतृक गांव जमालपुर, गुरुग्राम स्थित निवास पर जाकर स्व. कदम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना। साथ ही शोकाकुल परिवारजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की भी प्रार्थना की। बता दें केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह की तबीयत 14 मार्च, शुक्रवार को अचानक खराब हो गई थी। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, जिसके बाद उन्हें गुरुग्राम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन शनिवार को उन्होंने 90 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली।

**सीएम ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकत** -मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। बता दें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हदय से संबंधित बीमारियों के चलते 9 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था।

### जीतू पटवारी ने उठाए सवाल

# कर्ज से चमकाए जा रहे हैं मंत्रियों के बंगले

गुड इवनिंग, भोपाल



प्रदेश सरकार योजनाओं को संचालित करने के लिए लगातार कर्ज पर कर्ज ले रही है। सरकार 19 मार्च को फिर 6 हजार करोड़ का कर्ज लेने जा रही है। रंग पंचमी के दिन एमपी सरकार इस साल में तीसरी बार बाजार से कर्ज लेगी। प्रदेश में बढ़ रहे कर्ज को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार सरकार को घेर रहे हैं और सवाल खड़े कर रहे हैं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कर्ज से जनहित के काम नहीं किए जा रहे हैं बल्कि मंत्रियों के बंगले सुधारे जा रहे हैं। मध्य प्रदेश से ऐसा राज्य है, जहां जब बच्चा पैदा होता है तो 60 हजार का कर्जदार होता है।

पटवारी ने दावा किया कि प्रदेश पर 5 लाख करोड़ का कर्ज है। समझ में नहीं आता मध्य प्रदेश सरकार आखिर कर्ज किस लिए ले रही है कर्ज लेकर जनहित की योजनाएं संचालित नहीं की जा रहीं, बल्कि इस राशि का प्रयोग मंत्रियों के बंगले चमकाने में होता है। पटवारी ने आगे कहा कि मप्र को इस वित्तीय वर्ष में कुल 62,835 करोड़ रुपये तक कर्ज लेने की अनुमति है। इस हिसाब से 31 मार्च तक सरकार सिर्फ 5,800 करोड़ रुपये और कर्ज ले सकती है। 19 मार्च को लिया जाने वाला कर्ज 7, 21 और 24 साल की अवधि के लिए होगा। वित्त विभाग ने इसके लिए आरबीआई के जरिए अधिसूचना जारी कर दी है।

**तीन महीने में 16 हजार करोड़ का कर्ज** -गौरतलब है कि मध्य प्रदेश सरकार 19 मार्च को 6 हजार करोड़ का कर्ज लेने जा रही है। सरकार 7 साल, 21 साल और 25 साल के लिए कर्ज लेने जा रही है। जनवरी से लेकर मार्च तक सरकार 16 हजार करोड़ का कर्ज ले चुकी है। 31 मार्च 2024 तक सरकार 3 लाख 75 हजार करोड़ का कर्ज ले चुकी है।

# बादलों ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसलों को नुकसान की आशंका

## इस साल फसल अच्छी होने से किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद



गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर में शनिवार रात से ही मौसम में बदलाव आ गया है। रविवार सुबह करीब 5 बजे और सुबह 8 बजे बूंदाबांदी हुई, आसमान में घने बादल छा गए। इस बदलते मौसम से किसानों की चिंता बढ गई है।

बता दें कि, इन दिनों खेतों में गेहूं की फसल पकने की कगार पर है। जबकि चने की फसल कई क्षेत्र में कटने भी लगी है। पड़ाना के किसान वसीम अंसारी और मुकेश गोस्वामी ने बताया इस समय बारिश से फसलों को नुकसान की आशंका है। अगर अभी बारिश होती है तो खेतों में फासले आडी हो सकती है, दाना पतला होगा और कलर पर भी असर पडेगा। मौसम में आए बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी दिख रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसी कारण मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार यह सिस्टम अभी ज्यादा मजबूत नहीं है। हालांकि कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना है। हर साल पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिमालय क्षेत्र से यह मौसमी सिस्टम बनता है। इस बार यह जनवरी-फरवरी की बजाय मार्च में बना है, जिससे तापमान में गिरावट आई है।

**17 मार्च से साफ रहेगा मौसम :** किसानों की चिंता बढ गई है, क्योंकि खेतों में फसल खडी है। कई किसान फसल काटने का काम कर रहे हैं। बारिश होने से फसलों को नुकसान की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार 17 मार्च से मौसम साफ होगा। फिर 20-21 मार्च को मौसम में बदलाव की संभावना है। इस साल फसल अच्छी होने से किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद है, लेकिन मौसम के अचानक बदलाव ने उनकी चिंता बढा दी है।

## देपालपुर क्षेत्र में फसल कटाई का काम 70 फीसदी पूरा



गुड इवनिंग, देपालपुर

प्रदेश के कई क्षेत्रों में इन दिनों गेहूं चना आदि फसलों के कटाई व लहसुन निकलवाई का काम चल रहा है। रविवार को गहरे काले बादल दिखाई देने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। वहीं फसल समेटने के काम में भी तेजी आई है।

देपालपुर क्षेत्र में पथरीली जमीन पर फसल कटाई का लगभग 70% काम निपट चुका है वहीं जहां पर्याप्त पानी व गहरी काली मिट्टी है उन जगहों पर फसलें पूरी तरह खड़ी हैं। 15 मार्च से गेहूं खरीदी सरकार के द्वारा शुरू की गई है जिसकी शुरूआत में गिने-चुने किसानों ने अपनी फसल सरकारी कांटे पर तुलवाई है। वर्तमान समय में किसानों को मजदूरों की काफी समस्या है किसान वर्तमान समय में मजदूरों को एक-एक दो-दो करके अलग-अलग गांव से लाकर टीम बनाकर अपनी फसल निकलवा रहे।

अभी समय किसानों को अपनी फसलों का पीक टाइम है जिसमें लहसुन निकालना, प्याज से कचरा साफ करना, गेहूं कटाई करना, निकलवाना, साथ में गेहूं चने का भूसा अपने घर में सुरक्षित रखवाना जैसे महत्वपूर्ण काम बिना मजदूर के संभव नहीं है वर्तमान समय में मजदूर 400 से 500 रुपए प्रतिदिन देने के बावजूद भी नहीं मिल रहे।

# 11 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं पर बिजली का साढ़े 19 करोड़ बिल बकाया

## मऊ डीसी में सख्ती से वसूली में लगे विद्युतकर्मी, काट रहे ट्रांसफार्मर, उतार रहे केबल

गुड इवनिंग, सारंगपुर

मप्रमक्षेविविकं के मऊ वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले गांवो-कस्बो में बिजली कंपनी ने बिल वसूली के लिए सख्ती शुरू की है। बकायादारों में न सिर्फ घरेलू और व्यावसायिक विद्युत उपभोक्ता हैं, बल्कि शासकीय कार्यालय पर भी करोडों रुपए की राशि का बिल बकाया है। राशि वसूलने के लिए बिजली कंपनी की टीमें डीसी के मऊ कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन पहुंचकर वसूली कर रहे हैं।

मऊ वितरण केंद्र के जूनियर इंजीनियर द्वारका प्रसाद मिश्रा ने बताया कि डीसी क्षेत्र में 19 हजार विद्युत उपभोक्ता हैं, जिनमें से 11900 उपभोक्ताओं पर करीब 19 करोड 69 लाख 21 हजार रुपए से अधिक की राशि बकाया है। बिल वसूलने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई चल रही है। प्रत्येक दल गांव में मुनादी शिविर व अन्य अभियान चलाकर वसूली कर रहा है। 2000 से अधिक राशि के बकायेदारों को नोटिस दिए गए हैं। लाइनमैन हरि यादव ने बताया कि 5000 से अधिक राशि बकाया बिलों के कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद उपभोक्ता बिजली बिल जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

**रविवार को मऊ में लाइनमैन ने की कार्रवाई :** लाइनमैन हरि यादव ने बताया कि रविवार को मऊ में बकाया राशि पर पांच गाले की केबल उतरी गई। वही बकाया जमा नहीं करने पर मऊ में 100 केवीए स्कूल के पास लगा ट्रांसफार्मर बंद किया गया। उन्होंने बताया कि मऊ डीसी पर 4.95 करोड रुपये वसूली का लक्ष्य है और हमारे द्वारा अभी तक करीब 40 लाख रुपये की वसूली की गई है। वसूली नहीं होने पर बकाया वाले घरेलू 13 ट्रांसफार्मर काटे गए है जबकि 3 पंप के ट्रांसफार्मर पर भी बिजली काटने की कार्रवाई की गई है।





# बच्चों ने कागज पर उकेरा रंगारंग भारत

## इंटेक की स्कूली पेंटिंग प्रतियोगिता




गुड इवनिंग, धार

हमारे पर्व व हमारी परम्पराए हमारी सांस्कृतिक पहचान है। हमारी संस्कृति हमारी वैश्विक पहचान है। विश्व हमारी कला, योग, स्थानिक वैशिष्टय की ओर आकर्षित है। एक चित्र एक पुस्तक की तरह कई कथ्य, रूप, रंग, भाव, भंगिमाएं, संवाद समेटे रहता है। बच्चों ने कम समय में बहुत ही भावपूर्ण चित्र बनाएं है। इंटेक के ऐसे प्रयास सराहनीय है।

ये विचार शासकीय महाराजा भोज महाविद्यालय की चित्रकला संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ साधना चौहान ने इंटेक की चित्रकला प्रतियोगिता में मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने टीकाकार यशोधर पंडित के चित्र के श्लोक का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रूप भेदाः प्रमाणाणि भाव लावण्य योजनम, सादृश्य वर्णिका भंग इति चित्र षडांग कम। अर्थात रूप, भेद, प्रमाण, भाव, लावण्य, सादृश्य वर्णिका भंग, ये छः एक अच्छे चित्र के लक्षण हैं। स्वागत भाषण इंटेक चैप्टर संयोजक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने दिया। इंटेक की विरासत शिक्षा एवं संचार प्रभाग द्वारा कक्षा 6 से 9 वी तक के बच्चों के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की थी। इस प्रतियोगिता में 9 स्कूलों के 32 प्रतिभागी रहे। प्रतियोगिता में पहला स्थान मॉर्डन अकादमी की प्राची अरविंद गेहलोत, दूसरा स्थान नारायणी जयेश सिसोदिया व तृतीय स्थान सेंट जार्ज की गीतांशी गुरुदत्त शुक्ला ने तथा प्रोत्साहन पुरस्कार सीएम राइज के कार्तिक मनीष अलवंडे को मिला। निर्णायक मंडल में साधना चौहान, वृषाली देशमुख व मीनाक्षी लहरे उपस्थित थे। संयोजिका भारती कराले ने शुभेच्छाएँ व्यक्त की। संचालन बाल अधिकार सामाजिक कार्यकर्ता नवीन भंवर ने किया। इस अवसर पर इंटेक के हरिहरदत्त शुक्ल, रीना ठाकुर, के एल गेहलोत, ओमप्रकाश जोशी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्कड़ ने दी।



# फायर ब्रिगेड खराब, कर्मचारी-ग्रामीणों में विवाद

## ग्रामीणों पर एससी-एसटी एक्ट का केस, कांग्रेसी बोले-एफआईआर रद्द करें

गुड इवनिंग, खातेगांव

नेमावर के पास गुराड़िया में गेहूं के खेतों में लगी आग बुझाने गई फायर ब्रिगेड खराब हो गई, इस दौरान फायर ब्रिगेड कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। मामले में कर्मचारियों के आवेदन और सीएमओ रिपोर्ट पर तीन नामजद सहित अन्य लोगों पर एससी-एसटी एक्ट और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया।

कर्मचारियों का आरोप है कि ग्रामीणों ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। इस कार्रवाई से नाराज रविवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने स्थानीय लोगों के साथ एसडीओपी आदित्य तिवारी को एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया कि ग्रामीणों का मकसद सिर्फ मदद करना था। उन्होंने खेत में फंसी फायर ब्रिगेड को जलने से बचाने के लिए धक्का देकर बाहर निकाला था।



कांग्रेस के पूर्व विधायक कैलाश कुंडल, कांग्रेस नेता ओम पटेल, सुनील यादव ,मनीष पटेल सौरव माल्या, कपिल लाठी ने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने आग बुझाने में मदद की, उन्हीं पर केस दर्ज कर दिया गया। उन्होंने फायर ब्रिगेड की खराब फिटनेस को नगर परिषद की बड़ी लापरवाही बताया। ज्ञापन में ग्रामीणों पर दर्ज एफआईआर रद्द करने के साथ नगर परिषद सीएमओ और अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की गई है।

## संस्कार भारती धार इकाई ने किया फाग उत्सव का आयोजन

# भजनों पर झूमते हुए उत्साह से मंदिर में खेली फूलों की होली

गुड इवनिंग, धार

संस्कार भारती धार इकाई द्वारा फाग उत्सव का आयोजन स्थानीय धारेश्वर मंदिर प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ.नरसिंहदास महाराज रहे। अथितियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। संस्कार भारती का ध्येय गीत रेखा राठौर ने गाया।

महामंडलेश्वर डॉ.नरसिंहदास जी महाराज का स्वागत आर.आई. पुरुषोत्तम बिश्नोई ने मॉ वाग्देवी की प्रतिमा और दुपट्टा भेंट कर किया। विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के सदस्य परमानंद विश्वकर्मा का स्वागत प्रवीण तोमर द्वारा किया गया। आर.आई. पुरुषोत्तम बिश्नोई का स्वागत भवानी जोशी ने किया। इंटेक गवर्निंग काउंसिल के सदस्य और धार चैप्टर के संयोजक डॉ दीपेंद्र शर्मा का स्वागत अतुल कालभवर ने किया। शेषनाग सिनेमा के संचालक डॉ. शरद विजयवर्गीय का स्वागत अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने किया। रंगवर्षा कलेक्शन के संचालक विकास जैन का स्वागत अनूप श्रीवास्तव ने किया। हॉलीवुड गेम्स एंड मोबाइल के संचालक प्रकाश राठौर का स्वागत हृदय मुकाती ने किया। कार्यक्रम का संचालन रेखा राठौर ने किया।



### दो क्विंटल फूलो से खेली होली और हुआ नृत्य

मुख्य कलाकार पं. विजय ने गणेश वंदना से शुरूवात की फिर मेरा सांवला सलोना घनश्याम,रंग मत डारों रे सांवरिया म्हारे गुजर मारे रे, आज बिरज में होली रे रसिया, होली खेलांग आप गिरधर गोपाल से, मैं मनव तेरा लाडला गणेश जैसे गानों की सुंदर प्रस्तुति से आनंद विभोर होकर श्रोता झूम उठे। दो क्विंटल फूलो से खेली होली ने सारे वातावरण को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम के समाप्ति पर लोकप्रिय भजन गायक विजय दुबे का स्वागत मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ. नरसिंहदास महाराज ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। ढोलक पर संगत दे रहे यश यादव, तबला पर संगत दे रहे मयूर, बैंजो पर सचिन, की बोर्ड पर अमित, पेड़ पर प्रियांश दुबे और शुभम, सह गायक शंकर, रुचिर बारोट, अश्विन, कुमकुम शर्मा का स्वागत भी समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक दिनेश तेजरा, भूपेंद्र कसेरा, हास्य कवि संदीप शर्मा, डॉ. अनिल गंगवाल, डॉ. रमाकांत मुकुट, पं देशराज वशिष्ठ, सुमित चौधरी, राजेश शुक्ला, वृषाली देषमुख, मीनाक्षी लहरे, सुश्री मनीषा खेड़ेकर, अर्चना मुकाती, प्रेमसिंह सिकरवार, भारती कराले, रेणुका गायकवाड़, जयंत जोशी, भावना पवार, पं अविनाश दुबे और नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन पराग भोसले ने माना। यह जानकारी संस्था के मिडिया प्रभारी रॉकी मक्कड़ ने दी।

# पाकिस्तानी सेना पर फिर बीएलए का हमला

## 90 सैनिकों की मौत का दावा, बलूच आर्मी का पांच दिन में दूसरा हमला

इस्लामाबाद, एजेंसी

**पाकिस्तानी सेना के बसों के काफिले पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के फिदायीन हमले में फ्रंटियर कोर (एफसी) के कई जवानों की मौत हो गई और 35 से अधिक घायल हैं। पांच दिन में बीएलए के दूसरे हमले में एक बस पूरी तरह नष्ट हो गई। सैनिकों का काफिला क्वेटा से ताफ्तान जा रहा था। पाकिस्तान सरकार ने अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है।**



बलूचिस्तान के नोशकी जिले में हुए इस हमले में मौत के आंकड़ों को लेकर सरकार और बीएलए ने अलग-अलग दावे किए हैं। नोशकी के थाना प्रभारी जफरुल्लाह सुमलानी ने कहा, एफसी के पांच जवानों की मौत हुई है। डॉन समाचार समूह ने पांच, एआरवाई ने छह और जियो न्यूज ने सात मौतों की खबर दी है। वहीं, बीएलए ने कम से कम 90 जवानों की मौत का दावा किया है। बीएलए प्रवक्ता जियंद बलोच ने कहा, आठ बसों के काफिले में से एक बस पूरी तरह नष्ट हो गई। धमाके के तत्काल बाद आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड के लड़ाकों ने एक और बस को घेरकर गोलीबारी की और सैनिकों को संभलने का मौका दिए बिना सभी को मार डाला। हमले में 90 जवानों की मौत हुई है। वहीं, सुरक्षाबलों के सूत्रों ने मीडिया को बताया, बसों के काफिले पर पहले बम से और फिर आत्मघाती हमलावरों की टोली के जरिये हमला किया गया। पीटीवी न्यूज ने सुरक्षाबलों के हवाले से लिखा, फिदायीन हमलावर के अलावा तीन अन्य आतंकी मार गिराए गए, जबकि आखिरी आतंकी के मारे जाने तक यह ऑपरेशन जारी रहेगा।

### हमलावरों ने विस्फोटक लदी गाड़ी से बस में मारी टक्कर

नोशकी के थाना प्रभारी सुमलानी के अनुसार, घटनास्थल के मुआयने से लगता है कि आत्मघाती हमलावरों ने विस्फोटक लदी गाड़ी को बस से टकरा दिया। वहीं, एआरवाई न्यूज ने सुरक्षाबलों के हवाले से लिखा कि कोई आत्मघाती हमलावर विस्फोटक बांध कर सैनिकों से भरी बस से टकरा गया। घायल सैनिकों को एफसी के कैंप अस्पताल और नोशकी के टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एआरवाई न्यूज ने जानकारी दी कि हमलों को देखते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ संसद के दोनों सदनों का संयुक्त सत्र बुलाएंगे। बुधवार या बृहस्पतिवार को बंद कमरे में होने वाले इस सत्र में संसद के दोनों सदनों को विशेष सुरक्षा समिति में बदल दिया जाएगा। बीएलए ने मंगलवार को क्वेटा से पेशावर जाने वाली जफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला कर कई पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था।

# युवक को हवाई अड्डे पर नग्न करके की गई जांच

## अमेरिका में ग्रीनकार्ड धारक के साथ दुर्व्यवहार

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका में एक वैध अमेरिकी ग्रीन कार्ड धारक के साथ आव्रजन अधिकारियों की ओर से दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स की जानकारी के मुताबबिक 34 वर्षीय जर्मन नागरिक फेबियन श्मिट को 7 मार्च को मैसाचुसेट्स के लोगान हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने हिरासत में लिया था।

श्मिट, जो अपनी किशोरावस्था से अमेरिका में रह रहे हैं और वर्तमान में न्यू हैम्पशायर में रहते हैं, लक्जमबर्ग की यात्रा से लौट रहे थे। उनके परिवार के अनुसार, श्मिट को गिरफ्तार किया गया, नंगा किया गया और सेंट्रल फॉल्स, रोड आइलैंड में डोनाल्ड डब्ल्यू. वायट डिटेंशन सेंटर भेजे जाने से पहले उनसे हिंसक पूछताछ की गई। उनके परिवार का दावा है कि उन्हें उनकी हिरासत के कारणों के बारे में पता नहीं है। उन्हांने बताया कि श्मिट के ग्रीन कार्ड का हाल ही में रिनिवल हुआ था और उनके खिलाफ कोई लंबित अदालती मामला भी नहीं है।

श्मिट के पार्टनर उन्हें हवाई अड्डे पर लेने गए थे। उन्होंने चार घंटे तक श्मिट की प्रतीक्षा की और जब वे नहीं आए तो अधिकारियों से संपर्क किया। श्मिट का परिवार उनकी हिरासत के बारे में जवाब मांग रहा है और उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है। उनकी मां एस्ट्रिड सीनियर ने कहा, बस इतना कहा गया कि उनके ग्रीन कार्ड को फ्लैग कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे के साथ इमिग्रेशन अधिकारियों ने अपमानजनक व्यवहार किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि उससे हिंसक तरीके से पूछताछ की गई, उसे जबरन नंगा किया गया और फिर उसे ठंडे पानी से नहलाया गया। सीनियर ने बताया कि उसके बेटे का ग्रीन कार्ड कानूनी रूप से 2023 में फिर से जारी किया गया था, जब उसने अपना पिछला कार्ड खोने की सूचना दी थी। वैध, नए जारी किए गए ग्रीन कार्ड के बावजूद,श्मिट के यात्रा दस्तावेज को तब फ़्लैग किया गया जब उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका में फिर से प्रवेश करने की कोशिश की।

## Short News

### केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को दी मंजूरी

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नए अध्यक्ष वी नारायणन ने घोषणा की कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह मिशन चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए जापान के सहयोग से अंजाम दिया जाएगा। नारायणन ने बंगलूरू में आयोजित एक समारोह में यह जानकारी साझा की। यहां उन्हें इसरो प्रमुख का पदभार संभालने पर सम्मानित किया गया। चंद्रयान-5 में 250 किलोग्राम वजनी रोवर भेजा जाएगा, जो चंद्रयान-3 के रोवर प्रयागयान (25 किलो) से 10 गुना भारी होगा। इसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह का गहन विश्लेषण करना है। नारायणन ने बताया, तीन दिन पहले ही इस मिशन को मंजूरी मिली। हम इसे जापान के साथ मिलकर अंजाम देंगे। हमारा फोकस तकनीकी के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति पर है। उन्होंने इसरो की टीम और वैज्ञानिक समुदाय के योगदान की तारीफ की। विशेषज्ञों के मुताबिक, चंद्रयान-5 भारत को चंद्र अन्वेषण में अग्रणी बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

### लापरवाही के आरोप में बिहार पुलिस के तीन जवान निलंबित

**पटना।** बिहार के मुंगेर में एएसआई संतोष कुमार सिंह की मौत के मामले में तीन जवानों को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीआईजी को कार्रवाई के लिए अनुशंसा की गई थी। डीआईजी ने सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर निलंबन आदेश जारी किया। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में जिन लोगों को सस्पेंड किया गया है, उनमें मुफस्सिल एसएचओ चंदन कुमार, एक बीसीपी जवान और डायल 112 का ड्राइवर शामिल हैं।

## केंद्र का अलर्ट, कॉफी का सेवन भी तत्काल बंद हो

# गर्मी में कोल्ड ड्रिंक पीना हो सकता नुकसानदायक

नई दिल्ली, एजेंसी

तेज गर्मी में खुद को ठंडा रखने के लिए अगर आप कोल्ड ड्रिंक पीते हैं, तो स्वास्थ्य के नजरिये से यह जोखिम भरा हो सकता है। इन काबोर्नेटेड शीतल पेय में चीनी काफी अधिक होती है, जो काफी तेजी से शरीर में पानी की मात्रा कम करने लगती है। गर्मी की चपेट में आने पर इससे गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन काम कर रहे जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) ने कोल्ड ड्रिंक को लेकर चेतावनी जारी करते हुए लोगों से भीषण गर्मी के मौसम में चाय और कॉफी को भी नजरअंदाज करने की अपील की है। भारतीय मौसम विभाग की ओर से रविवार को लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। ओडिशा और झारखंड में रेड अलर्ट जारी किया गया है, तो विदर्भ, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में भी गर्म हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। इनके अलावा, तटीय आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, सौराष्ट्र, कच्छ और गुजरात के कुछ हिस्सों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुए एनपीसीसीएचएच ने राज्यों से कहा है कि कुछ दिनों में देश के लगभग सभी हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में आ सकते हैं।



**गर्मियों में तेज धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें लोग :** एनपीसीसीएचएच के मुताबिक लोगों को दोपहर 12 से तीन बजे के बीच धूप के सीधे संपर्क में आने से बचने के प्रति जागरूक करना होगा। साथ ही, उन्हें चाय, कॉफी व कोल्ड ड्रिंक के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताना चाहिए, ताकि उन्हें निर्जलीकरण यानी शरीर में पानी की कमी की परेशानी का सामना न करना पड़े। एनपीसीसीएचएच के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. आकाश ने बताया कि निर्जलीकरण शरीर की क्षमता को सीमित कर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। अधिकांश लोग नहीं जानते कि उन्हें शीतल रखने का दावा करने वाले ठंडे पेय पदार्थ काफी जोखिम भरे भी हो सकते हैं। यही कारण है कि लोगों में जागरूकता लाने के लिए उनकी दिनचर्या से जुड़ी छोटी-छोटी बातों पर सावधान करने की जरूरत है।

**लू से बचना है तो सादा पानी पीएं चीनी और कैफीन दोनों घातक :** दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक विवेक कुमार के अनुसार, लू के दौरान काबोर्नेटेड शीतल पेय से बचें। इसे पीने से पसीना तेजी से निकलता है, जो शरीर में पानी की कमी को बढ़ाता है। इसके बजाय सादा पानी पीयें।

चाय और कॉफी में कैफीन होता है, जो शरीर के तापमान को थोड़ा बढ़ाकर निर्जलीकरण बढ़ा सकता है। एनपीसीसीएचएच के डॉ. आकाश ने कहा कि जब गर्म मौसम में पसीना बहाते हैं, तो आप इलेक्ट्रोलाइट्स खो देते हैं। उन्होंने कहा कि लू के दौरान, पर्याप्त मात्रा में सादा पानी, नारियल पानी जैसे इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय या कम चीनी वाले फलों का रस पीने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**निर्जलीकरण से रक्तचाप का जोखिम दिल के दौरे की आशंका कई गुना ज्यादा :** शरीर में पानी की मात्रा कम होने से रक्तचाप, हृदय गति की समस्या हो सकती है। ज्यादा पानी कम होने व गर्मी की चपेट में आने पर कमजोरी या भ्रम की स्थिति हो सकती है। यह किडनी व मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है, जिससे मौत तक हो सकती है। जो लोग सिगरेट, बीड़ी या शराब का सेवन करते हैं, उनमें निर्जलीकरण से रक्त और गाढ़ा हो सकता है, जिससे रक्त के थक्के बनने से दिल के दौरे पड़ने की आशंका कई गुना बढ़ सकती है।

# ईरान ने हूती विद्रोहियों की मदद से किया इनकार

## अमेरिकी हवाई हमले के बाद ट्रंप ने भी दी धमकी

तेहरान, एजेंसी

ईरान ने रविवार को फिर से इस बात से इनकार किया कि वह यमन के हूती विद्रोहियों को कोई मदद दे रहा है। यह बयान तब आया जब अमेरिका ने हूतियों के ठिकानों पर हवाई हमले किए और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि ईरान को हूतियों की हरकतों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

यमन के हूती-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में कम से कम 31 लोगों की मौत हुई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों ने कहा कि एक हमला उत्तरी सादा प्रांत में दो घरों पर हुआ, जिसमें चार बच्चों और एक महिला की मौत हो गई। हूती विद्रोही लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों पर हमले कर रहे हैं और इस्राइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले कर चुके हैं। उनका कहना है कि वे यह सब गाजा में फलस्तीनियों के समर्थन में कर रहे हैं, जहां इस्राइल और हमास के बीच युद्ध चल रहा है। जनवरी में गाजा में युद्धविराम के बाद हूतियों ने हमले रोक दिए थे, लेकिन इस महीने इस्राइल की तरफ से गाजा में मानवीय सहायता रोकने के बाद उन्होंने फिर से हमले शुरू करने की धमकी दी।

**ईरान पर आरोप और इनकार :** अमेरिका और अन्य देशों का आरोप है कि ईरान हूतियों को हथियार और मिसाइलें भेज रहा है। अमेरिकी नौसेना ने कई बार ईरानी हथियारों की खेप जब्त की है, जो कथित रूप से हूतियों के लिए भेजे गए थे। हालांकि, ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी ने कहा कि ईरान हूतियों के हमलों में कोई भूमिका नहीं निभा रहा। उन्होंने कहा कि ईरान अपने सहयोगी समूहों की सैन्य नीतियों या फैसलों को तय नहीं करता। इस मामले में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अमेरिका को हमले रोकने चाहिए।

## बिजनेस

# जून में शुरू होगा नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

मुंबई, एजेंसी

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस साल जून में शुरू हो जाएगा। यह घोषणा उन्होंने हवाई अड्डे के निर्माण स्थल का दौरा करने के बाद सोशल मीडिया पर की। इस निमार्णाधीन हवाई अड्डे पर पहले नागरिक यात्री विमान की सफल परीक्षण लैंडिंग पिछले साल 29 दिसंबर को गई थी। घरेलू परिचालन मई के उत्तरार्ध से शुरू होगा और अंतरराष्ट्रीय परिचालन जुलाई के अंत से शुरू होने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि 16,700 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा मुंबई महानगर क्षेत्र में शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद दूसरी बड़ी एविएशन सुविधा होगी। इसे एनएमआईएएल (नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) नामक विशेष प्रयोजन वाहन के तहत विकसित किया जा रहा है, जिसमें अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड 74 प्रतिशत और महाराष्ट्र सरकार की सीआईडीसीओ 26 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।



**पीएम मोदी ने 2018 में रखी थी आधारशिला :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2018 में इस परियोजना की आधारशिला रखी थी। अदाणी ने अपने पोस्ट में कहा, यह भारत की एविएशन भविष्य की झलक है। नवी मुंबई एयरपोर्ट दुनिया का एक शीर्ष हवाई अड्डा बनेगा, जो कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को नई गति देगा। यह देश के लिए एक उपहार होगा। उन्होंने अपनी टीम और साझेदारों की सराहना भी की। इससे पहले अदाणी हवाईअड्डे के सीईओ अरुण बंसल ने बताया था कि 17 अप्रैल तक हवाई अड्डे का व्यावसायिक संचालन शुरू होगा। हालांकि, 29 दिसंबर 2024 को पहले ट्रायल लैंडिंग के बाद परियोजना प्रमुख संजय जलान ने नई समयसीमा साझा करते हुए कहा था कि मई के दूसरे हफ्ते से घरेलू उड़ानें और जुलाई के अंत तक अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन शुरू होंगे।

### न्यूयॉर्क में भारतीय मूल की चार महिलाओं का सम्मान

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में महिला दिवस पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया गया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

सम्मानित की गई महिलाओं में जे.पी. मॉर्गन में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख अनु अयंगर, ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं संस्थापक अंजुला अचारिया, एलडीपी वेंचर्स की सीईओ एवं संस्थापक तथा विमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑगेनाईजेशन की संस्थापक वेंडी डायमंड और सीएनबीसी की पत्रकार एवं प्रस्तोता सीमा मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क में पिछले सप्ताह सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से इन्हें सम्मान दिया गया। एफएआई की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 15 अरब डॉलर का उछाल

## तीन साल में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में जबरदस्त उछाल आया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते सप्ताह 15.267 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद भारत का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 653.966 अरब डॉलर हो गया है। यह बीते तीन साल में एक सप्ताह में हुई सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग चार महीने तक गिरावट रही और हाल ही में यह 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद इसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिसमें कुछ सप्ताह बढ़त और कुछ सप्ताह गिरावट देखी गई। इससे पहले बीते साल सितंबर में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने अभी तक के सबसे उच्च स्तर 704.89 अरब डॉलर के आंकड़े को छुआ था, लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट रही और फिलहाल यह अपने उस उच्चतम स्तर से सात प्रतिशत नीचे है।




**74 अरब डॉलर का सोने का भंडार :** विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट की वजह रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप को माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य रुपये में तेज गिरावट को रोकना है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रुपया अब अमेरिकी डॉलर की तुलना में सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 557.282 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में सोने का भंडार 74.325 अरब अमेरिकी डॉलर है। अनुमान के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 10-11 महीने के अनुमानित आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। 2023 में, भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 अरब डॉलर जोड़े, जबकि 2022 में इसमें 71 अरब डॉलर की गिरावट आई थी। 2024 में, भंडार में 20 अरब डॉलर से थोड़ा ज्यादा की वृद्धि हुई।

### जिला अस्पताल परिसर में शर्मसार करने वाली घटना, पुलिस-प्रशासन हरकत में

# खरगोन में नवजात के शव को नोचते दिखे कुत्ते

गुड इवनिंग, खरगोन

खरगोन से एक बहुत शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, यहां जिला अस्पताल अस्पताल परिसर में एक नवजात का क्षत-विक्षत शव मिला है। बच्चे के सिर धर से अलग है और उसके हाथ पैर भी कुत्ते खा चुके हैं। ऐसी आशंका है कि कुत्तों के नोचने की वजह से इस मासूम का सिर धड़ से अलग हो गया है। इस मामले के उजागर होने के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आ गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही शव को कब्जे



में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भिजवा दिया है।

पुलिस को आशंका है कि जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में डिलीवरी के बाद किसी ने मृत नवजात शिशु के शव को खुले में फेंक दी होगी, जिसे आवारा कुत्तों ने क्षत विक्षत कर दिया। इस मामले की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में मौके पर पहुंचे जैतापुर पुलिस ने मृत नवजात शिशु को पीएम रूम में पहुंचाया। इसके साथ ही जैतापुर पुलिस ने मेटरनिटी वार्ड में पूछताछ में जुट गई है।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन :** जैतापुर पुलिस चौकी प्रभारी सुदर्शन ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। उन्होंने कहा कि नवजात के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मर्ग कायम कर विवेचना कर रहे हैं, जांच में लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी। नवजात के शव की हालत देखकर लग रहा है कि आवारा कुत्तों ने ही नवजात को क्षत विक्षित किया होगा। सच्चाई का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है। इस पूरे मामले पर जिला अस्पताल के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. डीएस चौहान का कहना है कि नवजात मामले की जांच होगी। यह पता लगाया जाएगा कि नवजात की डिलीवरी कहां हुई और ये घटना कैसे घटी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों की सूचना नगरपालिका को देंगे। जांच में किसी की लापरवाही पाई गई, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# थाना परिसर में कीटनाशक पीने वाले को पुलिस ने बचाया



### पत्नी और साले से था परेशान, इलाज के लिए सारंगपुर फिर शाजापुर ले गई पुलिस

गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर थाना परिसर में शनिवार को कीटनाशक पीने वाले युवक को सारंगपुर पुलिस की सतर्कता के चलते बचा लिया गया। सारंगपुर में प्राथमिक चिकित्सा के रेफर किए जाने पर पुलिस युवक को जिला चिकित्सालय शाजापुर लेकर गयी और अंततः युवक की जान बचा ली गयी है। युवक की पत्नी ने जहां शराब का आदि बताया था, वहीं युवक ने पत्नी और साले पर आरोप लगाया है।

दरअसल शनिवार की शाम को सारंगपुर थाना परिसर में आकर बिना कुछ बताए तिंगजपुर निवासी युवक देवकरण पिता कालूराम मालवीय ने कीटनाशक पी लिया। घबराई पुलिस ने युवक से बचा हुआ कीटनाशक छीना और सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर गयी। युवक से पूछताछ की कोशिश की लेकिन तब युवक कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं था। सूचना मिलने के बाद पहुंची युवक की पत्नी मधु मालवीय ने पुलिस को बताया की वो शराब का आदि है और मिर्गी के झटके आते है। जिसका इंदौर इलाज भी चल रहा है लगातार लड़ाई झगड़े करता रहता है। सारंगपुर में प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर हालत में युवक को शाजापुर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां से स्टेबल होने के बाद पुलिस ने सारंगपुर नायब तहसीलदार गोपालसिंह चौहान के सामने बयान कराया। युवक के अनुसार उसकी पत्नी को साला भगवानसिंह मायके लेकर जा रहा था। वो पत्नी को मायके भेजना नहीं चाहता था तो उसे भी साथ लाए और रास्ते में उतार दिया। इसी टेंशन में उसने कीट नाशक पी लिया।

सारंगपुर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया ने बताया की पुलिस ने युवक को तत्काल सारंगपुर अस्पताल ले जाकर और बाद में फिर शाजापुर इलाज कराया और युवक बचा लिया है। युवक ने कथन में आरोप कीटनाशक पीने का कारण पत्नी और साले को बताया है।

### किसानों को नरवाई जलाने के दुष्परिणाम बता रहे अधिकारी

# गेहूं की फसल काटने के बाद नरवाई में आग लगा रहे किसान

गुड इवनिंग, सारंगपुर

**गेहूं की फसल के दोहनकाल में इन दिनों किसानों द्वारा खेतों में नरवाई जलाने का कुचलन अपनाया जाना आरंभ हो चुका है। किसान यह कार्य रात और दिन के समय कर रहे है। हार्वेस्टर से गेहूं की फसल काटने के बाद शेष बची नरवाई को जलाने से एक तरफ जहां जंगल में आग भड़कनें की संभावना रहने लगी है, वहीं दूसरी तरफ खेतों में मौजूद उर्वरक तत्व भी आग के साथ जलकर नष्ट हो रहे है।**



कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों को सलाह दी जा रही है। ग्राम किसान चौपालों पर किसानों को नरवाई जलाने के दुष्परिणाम बताएं जा रहे है। नरवाई को गहरी जुताई न करते हुए जलाने के पीछे किसान मानते है कि जलाने का तरीका सस्ता है। किंतु किसानों का कहना है कि नरवाई को जलाने में खेत की सफाई में समय एवं श्रम की बचत होती है। इसके साथ ही गहरी जुताई की आर्थिक बचत भी हो जाती है।

**गहरी जुताई करके बढ़ाएं उर्वरा शक्ति :** इधर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एसके उपाध्याय ने बताया कि नरवाई को जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति के रूप में मौजूद तत्व आग के साथ जलकर भूमि की उर्वरा शक्ति का ह्रास हो जाता है। किसानों को चाहिए कि वह गहरी जुताई करें, जिससें नरवाई भूमि में दबकर खाद का रूप ले लेगी। नतीजन खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए अलग से खाद की अधिक आवश्यकता नहीं रहेगी।

**नहीं जलाएंगे नरवाई :** किसान संतोष धनगर, महेश खाती, लखन खाती, मुकेश गोस्वामी सहित अनेकों किसानों ने संकल्प लिया है कि वह अपने खेतों की नरवाई नहीं जाएगें तथा दूसरे किसानों को भी इसके लिए जागरूक करते हुए नरवाई नहीं जलाने की समझाईश देंगे। जिससें फसल उत्पादन एवं पर्यावरण को लाभ होगा।

**बोले जिम्मेदार**



उपजाऊ भूमि पर आग लगने से ऊपरी परत जलकर ईंटों के अवशेष की तरह कड़क हो जाती है, जिससें भूमि की जल अवशोषण क्षमता का ह्रास होता है, एवं उपजाऊ क्षमता भी कम हो जाती है।

**- एसके उपाध्याय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सारंगपुर**

## संपादकीय

# गलत है अमेरिका...



**कोलंबिया यूनिवर्सिटी की भारतीय पीएचडी स्टूडेंट रंजनी श्रीनिवासन को फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन के चलते अमेरिका में निर्वासन का सामना करना पड़ा। ट्रंप प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए उनका एफ-1 वीजा रद्द कर दिया, बावजूद इसके कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को हिंसा और आतंकवाद का समर्थन नहीं कहा जा सकता।**

अमेरिका में कोलंबिया यूनिवर्सिटी की भारतीय मूल की पीएचडी स्टूडेंट रंजनी श्रीनिवासन का एफ-1 वीजा रद्द होने की वजह से निर्वासन पर मजबूर होना पड़ा, जो दुखद है। उनका वीजा कथित तौर पर यूनिवर्सिटी कैंपस में फलस्तीन के समर्थन में हुए प्रदर्शन में शामिल होने की वजह से रद्द किया गया था।

**सबूत नहीं दिए:** अमेरिकी होमलैंड सिक्यॉरिटी डिपार्टमेंट की ओर से कहा गया कि अमेरिका में रहने और पढ़ने के लिए जिन लोगों को वीजा मिलता है, यह उनके लिए सम्मान की बात होनी चाहिए। उसने यह भी कहा कि इस तरह का वीजा जिन लोगों को मिला है, अगर वे हिंसा और आतंकवाद की तरफदारी करते हैं तो उनसे यह सम्मान वापस ले लिया जाना चाहिए। लेकिन क्या रंजनी ने हिंसा और आतंकवाद का समर्थन किया था? अगर हां तो ट्रंप प्रशासन ने इसके सबूत क्यों नहीं दिए।

**गलत आरोप:** फलस्तीन के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने को हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करना नहीं माना जा सकता। दुनिया के ज्यादातर मुल्क फलस्तीन-इस्राइल संघर्ष में 'टू स्टेट थिअरी' की वकालत करते हैं। उनमें भारत भी शामिल है। इस थिअरी के मुताबिक, फलस्तीन और इस्राइल दोनों को अपना अस्तित्व बनाए रखने का अधिकार है।

**मानवीय संकट :** इस संघर्ष की सचाई यह है कि इस्राइल ने फलस्तीन के बड़े इलाके पर कब्जा किया हुआ है और हमास के उसके क्षेत्र में आतंकवादी हमला करने और इस्राइलियों को बंधक बनाए जाने के बाद बिन्यामिन नेतन्याहू सरकार गाजा में सैन्य अभियान चला रही है, जिसमें बड़ी संख्या में फलस्तीनी मारे गए हैं और वहां एक मानवीय संकट भी खड़ा हो गया है।

**युद्ध अपराध:** नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने वॉरंट जारी किया हुआ है. जबकि इस्राइल-फलस्तीन युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का गाजा को 'riviera' बनाने का हास्यास्पद प्रस्ताव आ चुका है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला:** खैर, रंजनी के मामले में ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उनका वीजा राष्ट्रीय सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए रद्द किया गया। ट्रंप के गाजा पर दिए गए प्रस्ताव की तरह ही यह भी हास्यास्पद है। आखिर एक स्टूडेंट से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को क्या खतरा हो सकता है?

**लोकतंत्र की भावना:** ट्रंप सरकार को याद रखना चाहिए कि रंजनी जैसे उच्च शिक्षित स्टूडेंट्स ने अमेरिका के विकास में सराहनीय योगदान दिया है। वे कई शीर्ष अमेरिकी कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। रंजनी का निर्वासन उस लोकतंत्र की भावना के भी खिलाफ है, जिसके केंद्र में अभिव्यक्ति की आजादी रहा है और अमेरिका को वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक भी माना जाता रहा है।

# मूंदी पहुंच सीएम ने दुकान पर ली चाय की चुस्की



गुड इवनिंग, खंडवा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने सरल, सहज अंदाज को लेकर जाने जाते हैं, उन्हें सादगी पसंद तथा जनता के बीच रहने वाला नेता माना जाता है।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिसका जीता-जागता उदाहरण देखने को मिला। डॉ. मोहन यादव मूंदी में आयोजित संत दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा में पहुंचे थे। यादव नर्मदा परिक्रमा कर रहे दादा गुरु के साथ पैदल चले एवं उनका आशीर्वाद लिया। वापसी जाते समय मुख्यमंत्री रास्ते में एक चाय की दुकान पर रुके और उन्होंने वहां जनप्रतिनिधि शासन-प्रशासन के अधिकारी एवं आम लोगों के बीच चाय भी पी। चाय की चुस्की लेते मुख्यमंत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोग उनकी इस सादगी और सरलता की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, विधायक नारायण पटेल कंचन मुकेश तनवे, छाया मोरे, आशीष शर्मा पिंकी सुदेश वानखेडे, सुनील जैन, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज राय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर चाय पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से चर्चा भी की।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विश्वास सारंग मूंदी पहुंचे

# मंत्रियों ने संत दादागुरु से लिया आशीर्वाद, शहनाज ने बांधा समा

गुड इवनिंग, खंडवा



खंडवा जिले के मूंदी में धार्मिक दृष्टि का इतिहास रचा गया, मांधाता विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण पटेल के बुलावे पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश शासन में मंत्री पहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, डॉक्टर विश्वास सारंग सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मां नर्मदा की सुरक्षा एवं रक्षा के लिए लगभग 5 वर्षों से बिना अन्न के सिर्फ मां नर्मदा के जल पर अपना जीवन जी रहे संत दादा गुरु नर्मदा परिक्रमा के दौरान मूंदी पहुंचे। नर्मदा परिक्रमा कर रहे संत दादा गुरु से मिलने एवं परिक्रमा में शामिल होने शनिवार शाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा मंत्री प्रहलाद पटेल उनसे मिलने पहुंचे थे। इसके बाद रात में भजन गायक शहनाज अख़्तर की भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके पूर्व दादा गुरु के साथ ही सभी उपस्थित जनों ने मां नर्मदा जी की महा आरती की, इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा मंत्री विश्वास सारंग भी इस आयोजन में शामिल हुए और संत दादागुरु के दर्शन किए, इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भजन गाया।

आयोजन में संत दादागुरु ने कहा कि ये मंत्री नहीं है, यह अपने परिवार के सदस्य है और इतना कह कर उन्होंने मंत्री विजयवर्गीय से भजन गाने को कहा। बस फिर क्या था भजन संध्या हो और कैलाश विजयवर्गीय भजन ना गाये, भला ऐसा हो सकता है क्या। मंत्री विजयवर्गिय ने माइक थामा और गला खराब होने के बावजूद सुंदर भजन मेरी मां के बराबर कोई नहीं गाकर समा बांध दिया। विजयवर्गीय का भजन गाते हुए यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहा है। देर रात तक देश की प्रसिद्ध जानकारी का शहनाज अख्तर ने भजनों की प्रस्तुति थी। उन्होंने अपना श्री भजन यह भगवा रंग भजन की शानदार प्रस्तुति भी दी। सुनील जैन ने बताया भजन संध्या में दादा गुरु के साथ ही मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक नारायण पटेल, कंचन मुकेश तनवे, आशीष शर्मा, छाया मोरे, पिंकी वानखेडे, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित श्रद्धालु उपस्थति थे।

### रमजान के दौरान मस्जिदो में चल रहा इबादत, तकरीर और तिलावत का दौर

# अल्लाह गलत तरीके से कमाया धन कर देता है खत्म

गुड इवनिंग, सारंगपुर

अगर किसी इंसान के दिल में रहम नहीं तो वह इंसान नहीं है, क्योंकि अल्लाह कुरआन में अपने बंदो को दूसरे बंदो और मखलूक पर



रहम करने का हुक्म देता है। लेकिन हमने आज कुरआन में आए हुक्मों को छोड दिया है। अल्लाह कुरआन में फरमाता है कि गलत (हराम) तरीके से गई कमाई को अल्लाह दुनिया में ही तबहा व बर्बाद करते हुए खत्म कर देगा और हराम तरीके से कमाने वाले पर गुनाह बाकी रह जाएगा। इसलिए गलत कमाई से मुसलमानों को बचना चाहिए।



यह समझाइश शहर में तहसील के पास स्थित घुड़सवार मस्जिद इमाम मौलाना हारुन साहब ने मुस्लिमजनों को दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम रमजान के महीनें में गुनाहों से बचते है और अच्छे काम करते है, नमाजों को पाबंदी के साथ पढ़ते है और गरीबों, बेसहारा लोगों की मदद करते है। अल्लाह का जो डर हमें रमजान में गुनाहों से रोकता है उसी को बाकी के 11 महिनों में भी हमारे दिलों में बाकी रखे। ताकि रमजान ही की तरह हमारे 11 महीनें भी अल्लाह की रजामंदी के साथ गुजरे।

**दिल में सिर्फ अल्लाह का खौफ पैदा करे :** मौलाना हारुन ने आगे कहा कि हर बंदा अपने दिल के अंदर सिर्फ अल्लाह का खौफ पैदा करें। जिस दिल में अल्लाह का खौफ होगा उसके दिल में किसी दुनियावाले का खौफ नहीं रहेगा और बंदा दुनिया और आखिरत में कामयाब हो जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्यामें मुस्लिमजनों ने नमाज अदा की और देश-दुनिया में तरक्की और अमन, शांति, भाईचारे की दुआएं मांगी गई।

## एक्शन में पुलिस...







**इंदौर।** आज फिर वकीलों का धरना-प्रदर्शन को लेकर पुलिस एक्शन में दिखाई दी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को रीगल स्थित कंट्रोल रूम पर तैनात भारी फोर्स तैनात किया गया।



फोटो : गुड इवनिंग

### विजय जुलूस पर पथराव के बाद से पुलिस कार्रवाई जारी

# महू उपद्रव : 11 मामलों में 21 से ज्यादा उपद्रवी अब तक गिरफ्तार

- सीसीटीवी और वीडियो की जांच जारी
- शहर में 7 से ज्यादा पाइंट पर पुलिस बल तैनात

गुड इवनिंग, महू





भारत की जीत के बाद निकले विजयी जुलूस में पथराव की घटना होने के बाद शहर में उपजे हंगामे के मामले में महू पुलिस ने अब तक 11 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 21 से ज्यादा उपद्रवियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं तीन के खिलाफ प्रशासन ने रासुका की कार्रवाई को अंजाम दिया है। महू पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने अब तक 21 लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। वहीं शेष आरोपितों की गिरफतारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगातार पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने अब तक 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन के लिए वीडियों भेजने के लिए विशेष नंबर भी जारी किया गया। इस नंबर पर लोगों द्वारा भेजे जा रहे वीडियो की भी पड़ताल कर उपद्रवियों की शिनाख्त की जा रही है। इधर, शहर में हंगामें के बाद पुलिस प्रशासन की सख्ती से हालातों में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। घटना के विरोध में बीते सोमवार शहर बंद के बाद मंगलवार से धीर-धीरे शहर पटरी पर लौटने लगा। शुरुआती दो दिनों तक अफवाहों का दौर चलता रहा। वहीं होलिका दहन और धुलेंडी का पर्व भी शहर में शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्द के साथ मनाया गया। फ्लैग मार्च से दे रहे शांति का संदेश घटना के बाद से शहर में मोती महल, पत्ती बाजार, धानमंडी, सात रास्ता, जामा मस्जिद क्षेत्र, टाल मोहल्ला सहित करीब सात स्थानों पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। यहां पुलिस सहित क्यूआरएफ के जवानों को सुरक्षा के लिए लगाया गया है। वहीं पुलिस द्वारा लगातार रात के समय शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में लैग मार्च निकालकर लोगों को शांति का संदेश दिया जा रहा है। इस दौरान एएसपी रुपेश द्विवेदी, एसडीओपी दिलीप सिंह चौधरी, टीआई राहुल शर्मा सहित प्रशासनिक अफसर भी मौजूद रह रहे।

# नाबालिगों के बीच ईंट-पत्थरों से मारपीट, एक छात्र घायल

गुड इवनिंग, इंदौर



हीरानगर में होली के दिन हुए विवाद में बच्चों की टोली ने तीन अन्य नाबालिगों के साथ ईंट-पत्थरों से मारपीट की । इस घटना में एक बच्चे को चोट आई है। हीरानगर पुलिस ने मामले में शिकायती आवेदन लिया है। रविवार को पीड़ित बच्चों के परिवारों ने घटना के सीसीटीवी फुटेज देखे, जिसमें नाबालिग हमलावरों की पहचान करने की कोशिश की गई। सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें एक छात्र और उसके साथियों के साथ कुछ नाबालिग मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। एक छात्र के परिजन ने बताया कि वह अपनी बाइक से घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान लड़कों की एक टोली उसकी ओर आई। उन्होंने जबरन बाइक रोककर छात्र और उसके दोस्तों पर रंग लगाने की कोशिश की। डर के चलते छात्र और उसके दोस्तों ने रंग लगवा लिया, लेकिन इसके बाद नाबालिग लड़के उसकी बाइक की चाबी निकालकर अपने साथ ले जाने लगे। छात्र ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो वे ईंट-पत्थर उठाकर उस पर हमला करने लगे। हमले में एक छात्र के सिर में चोट आई। परिवार के सदस्य रत्नेश पांडे ने बताया कि, वे तुरंत थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने आवेदन लिया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाद में, परिवार ने सीसीटीवी फुटेज निकालकर पुलिस को सौंप दिए। मारपीट करने वाले कुछ लड़कों की पहचान आदर्श मौलिक नगर में रहने वाले नाबालिगों के रूप में हुई है, जिनकी जांच की जा रही है।

## धूप से बचाने का जतन..



फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। गर्मी में राहगीरों और वाहन चालकों को धूप से बचाने के लिए यातायात पुलिस ने 25 चौराहे पर ग्रीन नेट लगाई है।

# बाइक सवार दंपती टकराए, पत्नी गंभीर घायल

**महू।** हासलपुर निवासी पति-पत्नी बाइक पर सवार होकर पीथमपुर की ओर जा रहे थे। जब वे महू फाटे पर पहुंचे तो यह पर उनसे पैदल चल रहा एक युवक टकरा गया। टक्कर लगने से पत्नी रोड पर गिर कर घायल हो गई। मौके पर 108 पहुंची और घायल का उपचार कर मानपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी अनुसारख हासलपुर के कुठी गांव निवासी राजेश अपनी पत्नी सीमा को बाइक पर बैठाकर पीथमपुर की ओर ले जा रहा था। जब वे महू फाटे पर पहुंचे तो यह पैदल रोड क्रॉस कर रहे युवक से उनकी गाड़ी टकरा गई। जिसमें राजेश की पत्नी सीमा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद मौके पर 108 पहुंची और डॉक्टर देवराज दांगी ने प्राथमिक उपचार कर सहयोगी पायलेट गोवर्धन की मदद से घायल महिला को मानपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां महिला का उपचार जारी है।

# इंदौर नाके पर एक्सपायरी डेट की टेबलेट, सिरप, इंजेक्शन और बोरिक पावडर जलाया

गुड इवनिंग, देपालपुर



नगर में लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये की पराकाष्ठा उस समय देखने को मिली जब वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के पास खुलेआम एक्सपायरी दवाएं जलाने का मामला सामने आया। इंदौर नाके पर स्थित इस स्थान पर बड़े पैमाने पर टेबलेट, सिरप, इंजेक्शन और बोरिक पाउडर को पेट्रोल-डीजल डालकर जलाया जा रहा है। यह सब न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। नगर परिषद और ड्रग विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसी अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करें, लेकिन यहां स्थिति यह है कि महीनों से चल रहे इस गैर-कानूनी काम पर दोनों ही विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। ड्रग विभाग का स्पष्ट नियम है कि किसी भी एक्सपायरी दवा को जलाने या खुले में फेंकने की इजाजत नहीं है। इसे बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के तहत वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया जाना चाहिए, लेकिन यहां पर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ड्रग विभाग के अधिकारियों को यह बताना चाहिए कि इतने लंबे समय से चल रही इस अवैध गतिविधि की खबर उन्हें क्यों नहीं लगी? अगर खबर थी, तो उन्होंने कार्रवाई क्यों नहीं की? ड्रग कंट्रोलर के अनुसार, किसी भी मेडिकल स्टोर या थोक विक्रेता द्वारा अगर एक्सपायरी दवाओं को गलत तरीके से नष्ट किया जाता है, तो उनका लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। फिर सवाल उठता है कि क्या ड्रग विभाग को इस नियम की याद सिर्फ कागजों में ही रहती है? मेडिकल स्टोर के नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि किसी भी एक्सपायरी दवा को रजिस्टर मेंटेन कर अलग रखना अनिवार्य है। इसे या तो बायोमेडिकल वेस्ट कंपनियों को सौंपा जाना चाहिए या निमार्ता कंपनी को लौटाना चाहिए। फिर ये दवाएं खुले में कैसे फेंकी जा रही हैं और जलाने के लिए पेट्रोल-डीजल तक लाया जा रहा है? खुले में दवाओं को जलाने से वायु में जहरीले पदार्थ घुलते हैं, जिससे अस्थमा, एलर्जी और सांस की बीमारियां बढ़ने का खतरा होता है। इसके अलावा, मिट्टी में भी केमिकल के जरिए जहर घुल सकता है, जिससे आसपास का भूजल दूषित हो सकता है। मवेशियों के इस जहरीली जगह पर जाने से उनके जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा है। क्या करेंगे जिम्मेदार अधिकारी? या फिर यूं ही चलता रहेगा यह जहरीला खेल? अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ड्रग विभाग और नगर परिषद इस गंभीर मुद्दे पर कब कार्रवाई करेंगे? क्या अधिकारियों को इंतजार है कि कोई बड़ा हादसा हो, कोई गंभीर बीमारी फैले, या फिर किसी की जान जाए, तब वे जागेंगे? देपालपुर नगरवासियों को इस मामले में सजग होकर प्रशासन पर दबाव बनाना होगा, ताकि इस तरह की लापरवाहियों को रोका जा सके। नहीं तो आगे भी नगर परिषद और ड्रग विभाग इसी तरह अपनी नाकामी छिपाते रहेंगे और जनता की जान के साथ खिलवाड़ होता रहेगा। क्या अब भी जिम्मेदार अधिकारी जागेंगे या यह अपराध यूं ही जारी रहेगा।

# विजयनगर थाने में नशे में धुत महिला ने किया हंगामा

### आरोपी को छुड़ाने पहुंची थी थाना परिसर




गुड इवनिंग, इंदौर

विजयनगर थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई, जहां एक महिला नशे की हालत में थाने पहुंची और जमकर हंगामा किया। महिला एक आरोपी को छुड़ाने के लिए थाने आई थी, लेकिन नशे में होने के कारण उसने पुलिसकर्मियों से बदसलूकी की और माहौल तनावपूर्ण कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी को किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार कर विजयनगर थाने लाया गया था। जब इसकी जानकारी आरोपी की परिचित महिला को मिली, तो वह उसे छुड़ाने के लिए थाने पहुंची। हालांकि, महिला नशे में धुत थी और उसने पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी।

**थाने में किया जमकर हंगामा**-प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला ने न सिर्फ पुलिसकर्मियों पर दबाव बनाने की कोशिश की, बल्कि अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने महिला को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन वह थाने में ही हंगामा करने लगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।